उज्जैन
गुरुवार
23
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-260
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ टंट्याभील चौराहे पर छात्रों के प्रदर्शन में शामिल हुए दिग्विजय-पटवारी
7 ▸ कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 आज से: 125 भारतीय खिलाड़ी 8 खेलों में उतरेंगे

## एक करोड़ के लोन फर्जीवाड़े में फंसे भाजपा नेता

**आगरा।** आईसीआईसीआई बैंक से 1.06 करोड़ रुपये की ऋण धनराशि के मामले में भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मिश्रीलाल राजपूत फंस गए हैं। मामले में थाना हरीपर्वत में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि दो लोगों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज की मदद से बैंक से ऋण लिया गया। किस्त बंद होने पर जांच में पूरा मामला सामने आ गया। पुलिस का कहना है कि मामला ऋण से संबंधित होने के कारण साक्ष्य संकलन के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। आईसीआईसीआई बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि हर्ष गोयल ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि फरुर्खाबाद के कैमगंज निवासी प्रियंका और अंकुश श्रीवास्तव ने 9 फरवरी 2021 को मौजा कलाल खेरिया में एक संपत्ति के एवज में 78 लाख रुपये का गृह ऋण लिया। 4 अक्तूबर, 2021 को टॉपअप के रूप में 15 लाख रुपये का ऋण लिया।

## पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन की सजा पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** 2020 में हुए दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में गुरुवार को आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को सजा सुनाई जाएगी। दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने इस मामले में 6 साल बाद 13 जुलाई को ताहिर हुसैन समेत पांच आरोपियों को दोषी करार दिया था। एडीशनल सेशन जज प्रवीण सिंह की कोर्ट ने 11 में से 6 आरोपी बरी कर दिए थे। वहीं नाजिम, काशिम, अनस, जावेद और ताहिर हुसैन को हत्या, अपहरण, दुश्मनी को बढ़ावा देने और दंगा करने का दोषी ठहराया था। यह मामला दयालपुर थाने में अंकित शर्मा के पिता रविंदर कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

## फ्रांस में कीटनाशक पर बैन हटा, पर्यावरण मंत्री का इस्तीफा

**पेरिस।** फ्रांस की पर्यावरण मंत्री मोनिक बारबू ने इस्तीफा देने का ऐलान किया है। उन्होंने यह फैसला विवादित कृषि बिल के विरोध में लिया है, जिसमें दो प्रतिबंधित कीटनाशकों के इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है। एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक वैज्ञानिकों का कहना है कि ये कीटनाशक मधुमक्खियों और दूसरे परागण करने वाले कीड़ों के लिए नुकसानदायक हैं। पर्यावरण मंत्री बनीं बारबू आज राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अपना इस्तीफा सौंपेंगी। फ्रांस की संसद ने मंगलवार को यह बिल पेश किया था। सीनेट ने 214-111 मतों से विधेयक पारित कर दिया। सरकार ने दावा किया कि ये कानून किसानों की मदद के लिए लाया जा रहा है। उसका कहना है कि किसानों को घटती कमाई और खेती की बढ़ती लागत जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## अमेरिका का ईरान के 4 प्रांतों पर हमला, ट्रम्प बोले- वह बुरी तरह पिट रहा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने लगातार 12वीं रात ईरान पर हमला किया। इस बार खुजेस्तान, बुशेहर, होर्मोजगान और इलाम प्रांतों में कई जगह मिसाइल और हवाई हमले हुए। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, कई सैन्य ठिकानों और रणनीतिक इलाकों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान बुरी तरह पिट रहा है। दूसरी तरफ, यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सऊदी अरब के तेल टैंकर एन्सेलिया और लैला को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया है। सऊदी ने दोनों जहाजों पर हमले की पुष्टि की है। ब्रिटेन की यूकेएमटीओ ने भी सऊदी तट के पास एक जहाज पर हमले की जानकारी दी है। हूती विद्रोहियों के इस कदम से बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट में तनाव पैदा हो गया है और वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

## एमपी के मुख्य सचिव अनुराग जैन बने नीति आयोग के नए सीईओ

**भोपाल।** एमपी के प्रशासनिक गलियारों में पिछले कई दिनों से चल रही अटकलों और कयासों का दौर अब समाप्त हो गया है। केंद्र सरकार ने राज्य के मौजूदा मुख्य सचिव अनुराग जैन को एक नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें नीति आयोग का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त कर दिया है। इस उच्च स्तरीय निर्णय के साथ ही प्रदेश के सबसे बड़े प्रशासनिक पद पर अब नए सिरे से नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जिस पर पूरे मंत्रालय और प्रशासनिक हलकों की निगाहें टिकी हुई हैं। यह बदलाव राज्य के प्रशासनिक तंत्र में एक महत्वपूर्ण फेरबदल का संकेत दे रहा है। केंद्र सरकार की नियुक्ति समिति ने अनुराग जैन की नियुक्ति को लेकर सोमवार देर रात आदेश जारी कर दिया है।

## चीन बोला- भारत ने हमारे 12 नाविकों को बचाया, ये एहसान कभी नहीं भूलेंगे

**नई दिल्ली।** भारत में चीन के नए मिलिट्री डिप्लोमैट यू जियान ने भारतीय सेना का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने केरल तट के पास आग लगने वाले मालवाहक जहाज से 12 चीनी नागरिकों को बचाया था। चीन यह एहसान कभी नहीं भूलेगा। यू जियान ने यह बात मंगलवार को नई दिल्ली में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की स्थापना की 99वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के नेताओं की कोशिशों से भारत-चीन संबंध फिर से सुधार की राह पर लौटे हैं।

### सोनम वांगचुक ने कहा- सरकार से भरोसा मिला तो आज ही अनशन तोड़ूंगा, जंतर-मंतर पर कॉकरोच पार्टी का धरना जारी

# भूख हड़ताल के 25 दिन बीते, अभी भी जिंदा हूं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

सोनम वांगचुक ने बुधवार शाम गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल से एक वीडियो मैसेज जारी किया। सोनम ने कहा- अनशन को 25 दिन बीत गए हैं लेकिन अभी तक जिंदा हूं। कुछ सांसद मुझसे मिलने आए, उन्होंने भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की।

उन्होंने कहा, मुझे अगर सरकार की तरफ से भरोसा मिले तो मै आज ही अनशन खत्म करने को तैयार हूं। बस सरकार छात्रों के खिलाफ कार्रवाई न करे।

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन में शामिल रहे वांगचुक को 18 जुलाई को जंतर-मंतर से दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था। मंगलवार को कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें मेदांता हॉस्पिटल शिफ्ट किया गया है। यहीं उनका इलाज चल रहा है।

इससे पहले 15 विपक्षी सांसद उनसे मिलने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। 55 विपक्षी सांसदों ने वांगचुक को पत्र लिखकर अनशन खत्म करने की अपील की है। इनमें आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसद शामिल हैं।

अभिजीत दीपके ने सोनम वांगचुक से अनशन खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को उनकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी का शांतिपूर्ण प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल से सीआरपीएफ की 20 अतिरिक्त कंपनियों को दिल्ली में तैनात करने का आदेश दिया है। गृह मंत्रालय के निर्देश पर करीब 2000 जवानों को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से एयरलिफ्ट कर लाया गया। दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था के कारण 16 मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए गए थे।



### छात्र आंदोलन के बीच विश्वविद्यालयों को एआईयू की दो टूक, पहले पढ़ाई फिर प्रदर्शन पर दें जोर

देशभर में शिक्षा व्यवस्था और विभिन्न छात्र संगठनों के आंदोलनों के बीच एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण परामर्श जारी किया है। एआईयू ने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से कहा है कि वे विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करें और उन्हें आंदोलन या विरोध-प्रदर्शन के कारण पढ़ाई से दूर नहीं होने दें। संगठन का कहना है कि छात्रों की ऊर्जा और समय का सबसे बड़ा निवेश उनकी शिक्षा में होना चाहिए, क्योंकि लगातार कक्षाओं से दूर रहने का सीधा असर उनके भविष्य और अकादमिक प्रदर्शन पर पड़ता है। एआईयू की यह सलाह ऐसे समय आई है जब देश के कई हिस्सों में छात्र विभिन्न मुद्दों को लेकर सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर सहित कई स्थानों पर छात्रों और विभिन्न संगठनों का विरोध जारी है। आंदोलन के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी नियमित कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं। एआईयू ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विरोध दर्ज कराना लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा हो सकता है, लेकिन शिक्षा से समझौता करना विद्यार्थियों के हित में नहीं है।

### दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन के समर्थन में उज्जैन में भी छात्रों और विभिन्न युवा संगठनों ने रैली निकाली

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन के समर्थन में उज्जैन में भी छात्रों और विभिन्न युवा संगठनों ने रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच, और छात्रों की मांगों पर सरकार से बातचीत की अपील की। हाथों में तख्तियां लिए छात्र शहर की मुख्य सड़कों से होते हुए प्रशासन को ज्ञापन देने पहुंचे। बीच में पुलिस की कार्रवाई और बारिश के बावजूद आंदोलन दिल्ली में जारी है, और कुछ प्रदर्शनकारी दोबारा धरना स्थल पर लौट आए हैं। विभिन्न संगठनों ने शांतिपूर्ण समाधान और संवाद पर जोर दिया है।

## रीवा में 35 लाख की 450 बंडल किताबें गायब

### गोदाम में लगी आग, भोपाल से जांच टीम पहुंचती उससे पहले बचा स्टॉक भी जलकर राख

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ रीवा**

रीवा के चोरहटा स्थित मध्यप्रदेश पाठ्य-पुस्तक निगम के गोदाम में सोमवार रात आग लग गई। इस गोदाम से कुछ दिन पहले ही करीब 35 लाख रुपए की 450 बंडल पाठ्य-पुस्तकें गायब होने का मामला सामने आया था। चोरहटा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी और मामले की पड़ताल के लिए भोपाल से विशेष जांच टीम के रीवा आने की तैयारी थी। लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही गोदाम में आग लग गई और बची हुई बड़ी संख्या में किताबें भी जलकर राख हो गईं। ऐसे में अब सवाल उठ रहा है कि जिन किताबों के स्टॉक का मिलान होना था और जिनके आधार पर जांच आगे बढ़नी थी, उनके नष्ट हो जाने के बाद जांच टीम किन साक्ष्यों के आधार पर पड़ताल करेगी। जानकारी के मुताबिक सोमवार रात करीब पौने नौ बजे गोदाम के शटर से धुआं और आग की लपटें निकलती देख स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड और प्रशासन को सूचना दी। दमकल की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों रुपए की पाठ्य-पुस्तकें जल चुकी थीं।

# प्रदेश में हर दिन 474 सड़क हादसे उज्जैन भी दुर्घटनाओं से अछूता नहीं

### डेढ़ वर्ष में 90 हजार से अधिक सड़क दुर्घटनाएं, 25,869 लोगों की मौत, उज्जैन में भी सड़क सुरक्षा बड़ी चुनौती

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश में सड़क सुरक्षा की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। विधानसभा में सरकार द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2025 से 7 जुलाई 2026 तक प्रदेश में 90,138 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। इन हादसों में 25,869 लोगों की मौत हुई, जबकि 95,843 लोग घायल हुए। यह आंकड़ा बताता है कि प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 474 सड़क हादसे हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह जानकारी भाजपा विधायक आशीष शर्मा के सवाल के लिखित जवाब में विधानसभा में दी। हादसों और मौतों का यह आंकड़ा सड़क सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियमों के पालन और दुर्घटना के बाद मिलने वाली




आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को लेकर गंभीर चिंता पैदा करता है। उज्जैन भी दुर्घटनाओं से अछूता नहीं

प्रदेश के अन्य जिलों की तरह उज्जैन भी सड़क दुर्घटनाओं की समस्या से अछूता नहीं है। शहर और जिले में लगातार बढ़ता यातायात, तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अनदेखी, बिना हेलमेट वाहन चलाना और सड़कों पर बढ़ता दबाव दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में शामिल हैं।

- उज्जैन जैसे धार्मिक और पर्यटन नगरी में वर्षभर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आवागमन होता है। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच आने वाले वर्षों में यातायात का दबाव और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में सड़क सुरक्षा को लेकर अभी से प्रभावी योजना, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान, बेहतर यातायात प्रबंधन और त्वरित चिकित्सा सहायता व्यवस्था बेहद जरूरी हो जाती है।
- प्रदेश में बढ़ते सड़क हादसे केवल आंकड़े नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की पीड़ा और टूटते सपनों की कहानी हैं। उज्जैन सहित पूरे प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन और आम नागरिकों को मिलकर गंभीर प्रयास करने होंगे।

## कश्मीर में नाले में बहने से दो की मौत

### मप्र के 35 से ज्यादा जिलों में हुई बारिश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। 24 घंटे में 35 से ज्यादा जिलों में बारिश दर्ज की गई। जम्मू-कश्मीर में तीन दिनों से मूसलाधार हो रही है। जम्मू में जहां निचले इलाकों में पानी भर रहा है। वहीं कश्मीर में भी हालात खराब हो रहे हैं। बांदीपोरा जिले में बुधवार को बाढ़ के तेज बहाव में बह जाने से मां-बेटे की मौत हो गई। दोनों जलावन की लकड़ी निकालने के लिए एक नाले के पास गए थे।

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में लगातार बारिश से हालात बिगड़े हुए हैं। सूरजपुर जिले के बिहारपुर क्षेत्र में बरगा नदी उफान पर है, जिससे आधा दर्जन से अधिक गांवों का मेन रोड से संपर्क टूट गया है।

मौसम विभाग ने दक्षिण गुजरात में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। नवसारी और वलसाड में भारी बारिश हो रही है। वहीं, वलसाड में पिछले चौबीस घंटों में 11 इंच बारिश होने से स्थानीय नदियां उफान आ गई हैं।

## सर्राफा बाजार में तेजी, सोना करीब 2000 महंगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

आज के सोना-चांदी भावः सरार्फा बाजार में तेजी बनी हुई है। 22 जुलाई को सोना करीब2000 रुपए प्रति10 ग्राम महँगा हुआ, और चांदी के दाम भी बढ़े हुए हैं। मंडी की बात करें, तो कई प्रमुख मंडियों में सोयाबीन, गेहूं और चने की आवक सामान्य रही, जबकि दालों और तिलहनों के दाम में हल्का उतार-चढ़ाव देखा गया है।

आज के ताजा आँकड़ों के मुताबिक, इंदौर क्षेत्र में मुख्य फसलों के भाव कुछ यूँ हैं– गेहूं करीब 2,510 से 2,608 रु. प्रति क्विंटल, सोयाबीन लगभग 7,000 से 7,260 रु. के बीच, लहसुन करीब 2,011 से 14,015 रु. तक और प्याज लगभग 600 रु. के आस पास चल रहा है।

अरहर (तूर) करीब 6,600 रु., मक्का लगभग 2,225, ज्वार 2,860 रु., मूंगफली 9,100 रु., लहसुन 5,000-7,150 रु., क्वालिटी के अनुसार अलग-अलग, और प्याज करीब रु. 600 के आसपास।

मसूर लगभग 5,495-5,515 रु., उड़द करीब 9,900-10,800रु., तिल लगभग 9,715-10,901 रु. और मेथी करीब 3,540रु.।

### भोपालः हमीदिया रोड को डूबने से बचाने के लिए पीडब्ल्यूडी मुकरा तो मेट्रो ने उठाई कुदाली

## 1 किमी ड्रेनेज लाइन तैयार, पर बैकफ्लो का खतरा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

राजधानी के सबसे व्यस्त व्यापारिक इलाके हमीदिया रोड को मानसून के पानी से बचाने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की थी, लेकिन ऐन मौके पर पीडब्ल्यूडी ने हाथ खींच लिए। इसके बाद मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने खुद कमान संभाली और रेलवे ट्रैक के बगल से पात्रा नदी तक करीब 1 किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड ड्रेनेज लाइन बिछाकर 24 चैंबर तैयार कर दिए।

मेट्रो टनल के दूसरे चरण का काम शुरू होने से पहले इस ड्रेनेज का बनना बेहद जरूरी था। हालांकि, मेट्रो के इस प्रयास के बाद भी खतरा पूरी तरह टला नहीं है। नाले का आउटलेट पात्रा नदी में खोला गया है, जहां तेज बारिश के दौरान नदी उफान पर आते ही पानी बैकफ्लो होकर वापस हमीदिया रोड की दुकानों और सड़कों पर आ सकता है।

जब भी तेज बारिश होती है, पात्रा नदी का रूप देखने लायक (खतरनाक) होता है। इसने आसपास के निचले इलाकों में कई बार भारी तबाही और जलभराव फैलाया है। दो विधानसभाओं की राजनीति में फंसा ड्रेनेज का आउटलेट हमीदिया रोड का यह ड्रेनेज आउटलेट दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों की राजनीतिक खिंचाव का शिकार बन गया है।

## मुंबई में बिना परमिशन के प्रदर्शन करने पर 5 दिन में 13 एफआईआर, 400 लोगों पर एक्शन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

मुंबई पुलिस ने 18 से 22 जुलाई के बीच बिना अनुमति प्रदर्शन करने के आरोप में 13 एफआईआर दर्ज कर करीब 400 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, सभी मामलों में नोटिस देकर लोगों को छोड़ दिया गया। दिल्ली में उखढ के छात्र आंदोलन के समर्थन में मुंबई के शिवाजी पार्क, चैत्यभूमि, चेंबूर और शिवसेना भवन समेत कई जगह प्रदर्शन हुए। पुलिस का कहना है कि इन प्रदर्शनों की अनुमति नहीं ली गई थी।

## सिक्किम टनल हादसाः 22 शव बरामद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

सिक्किम के नामची जिले में एनएचपीसी की निमार्णाधीन सुरंग ढहने के बाद चल रहा खोज और बचाव अभियान गुरुवार को भी जारी है। प्रशासन के अनुसार, अब तक सुरंग से 22 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। बुधवार रात ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की दूसरी रेस्क्यू टीम भी मौके पर पहुंचकर अभियान में शामिल हो गई। विशेषज्ञ बचाव दल बाकी लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। राज्य सरकार, जिला प्रशासन और संबंधित एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य की लगातार निगरानी कर रही हैं।

### आगर-मालवा में बेटे और भतीजे ने भी गालियां दीं, थप्पड़-घूंसे और लातें मारीं

# कांग्रेस नेता ने घर में घुसकर दलित को पीटा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगर मालवा**

आगर-मालवा में कांग्रेस नेता ने दलित युवक को गालियां दीं। उसे चप्पलों से पीटा। नेता के बेटे और भतीजे ने भी उसके साथ बदसलूकी की। इनमें से एक ने उसका वीडियो बना लिया।

घटना सुसनेर में 15 जुलाई की है। वीडियो वायरल होने के बाद बुधवार को 19 वर्षीय पीड़ित थाने पहुंचा। कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव निजामुद्दीन मंसूरी, उसके बेटे और भतीजे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पीड़ित ने पुलिस को बताया- 15 जुलाई को मैं घर में सो रहा था। पिता काम पर और मां बड़ी बहन को अस्पताल लेकर गई थी। छोटी बहन ताला लगाकर पड़ोस में मजदूरी करने चली गई।

### दरवाजा तोड़कर घर में घुसने की कोशिश की

इसी दौरान जमातखाना निवासी निजामुद्दीन मंसूरी, उसका बेटा अजहर और भतीजा जावेद मेरे घर पहुंचे। वे ताला तोड़कर घर में घुसने की कोशिश करने लगे। शोर सुनकर बहन पड़ोस के घर से निकली और पूछा कि ऐसा क्यों कर रहे हो? इस पर निजामुद्दीन ने कहा- तेरे भाई ने हमारे यहां चोरी की है। हमें उससे पूछताछ करनी है। बहन ने कहा कि ताला मत तोड़ो। मैं चाबी से गेट खोल देती हूं। दरवाजा खुलने के बाद तीनों घर के अंदर घुस आए और गालियां देने लगे। मैंने विरोध किया तो लात-थप्पड़ और घूंसों से पीटने लगे। यहां से पकड़कर अपनी आरा मशीन पर ले गए। वहां भी मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी।

### बीजेपी जिलाध्यक्ष बोले- इस तरह की गुंडागर्दी नहीं चलेगी

बीजेपी के आगर-मालवा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने कहा- कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव ने एससी युवक के साथ मारपीट की। गाली-गलौज और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। मैं इस घटना की घोर निंदा करता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और राहुल गांधी से कहना चाहता हूं कि इस तरह की गुंडागर्दी और दरिंदगी मध्य प्रदेश और आगर जिले में नहीं चलेगी। वहीं एसपी दिलीप सोनी ने बताया- निजामुद्दीन और उसके दो साथियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने और रउ/रळ एक्ट का मामला कायम किया गया है। तीनों को राउंड-अप कर लिया गया है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लोहे का सामान चोरी करने के संदेह में पीटा

पीड़ित ने कहा- निजामुद्दीन की आरा मशीन से लोहे का कुछ सामान चोरी हो गया था। इसका इल्जाम वह मेरे ऊपर लगा रहा है। इसी संदेह में उन लोगों ने मेरे साथ मारपीट की है।

फिलहाल, पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर लिया है। वीडियो की जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।



## खबर एक नजर...

### मधुकर राव बने एल्डरमैन, वार्ड 49 में विकास कार्यों को मिलेगी गति

**उज्जैन।** मधुकर राव के एल्डरमैन मनोनीत होने पर अनुदीप गंगवार ने बताया कि अब वार्ड 49 सहित पूरे शहर में विभिन्न विकास कार्य प्रमुखता के साथ किए जाएंगे। उनके एल्डरमैन बनने पर समर्थकों और कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दुर्गेश जोशी, मनीष जरवाल, नितिन उपाध्याय, आभा कुशवाहा, अजय, वैभव कटियार, अक्षत कटियार, शैलेंद्र दुबे और आकाश राठौर ने स्वागत किया। कार्यक्रम का आभार महेंद्र कटियार ने माना।

### दिव्यांगों की आवाज लेकर भोपाल पहुंचे समाजसेवी रवि मालवीयों

**उज्जैन।** समाजसेवी और दिव्यांग प्रमुख रवि मालवीय ने एक बार फिर दिव्यांगों की आवाज को प्रमुखता से उठाया है। अपनी मांगों को लेकर मालवीय ने कल भोपाल में दिल्ली और राज्य के कई बड़े अफसरों से मुलाकात कर दिव्यांगों की समस्याएं उनके समक्ष रखीं। इसी दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संयोजक संदीप रजक और मध्य प्रदेश के दिव्यांगजन आयुक्त अजय खेमरिया का भी स्वागत कर विस्तृत विचार-विमर्श किया। मुलाकात और चर्चा के दौरान मुख्य रूप से मांग की गई कि दिव्यांगजनों की पेंशन हर महीने की 2 तारीख को तय की जाए और पेंशन की राशि बढ़ाई जाए। इसके साथ ही उन्हें रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने और शहरी मल्टियों में फ्लैट आवंटित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। यह सुझाव भी दिया गया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कैंप लगाकर शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाए, क्योंकि कई बार मूलभूत योजनाएं धरातल पर नहीं पहुंच पाती हैं। चर्चा के बाद प्रदेश संयोजक संदीप रजक, आयुक्त अजय खेमरिया और अन्य अफसरों ने शासन की योजनाओं का लाभ धरातल पर दिलवाने में पूरी मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री रमेश कलेसरिया, ईश्वर सिंह कटारिया और संदीप सिसोदिया उपस्थित थे।

### बुजुर्गों का एकाकीपन दूर करने लायंस क्लब सुरभि की नई पहल

**उज्जैन।** परिवारों में बुजुर्गों की बढ़ती उपेक्षा और एकाकीपन को दूर करने के लिए लायंस क्लब उज्जैन सुरभि ने एक नई पहल की है। इसके तहत क्लब के पदाधिकारी और सदस्य अब हर माह बुजुर्गों के साथ समय बिताएंगे। इसी क्रम में सदस्यों ने विद्या नगर निवासी व्याख्याता अजय श्रीवास्तव के घर पहुंचकर उनके 96 वर्षीय पिता मदन मोहन श्रीवास्तव और माता कमलेश रानी से मुलाकात की और उनके साथ लगभग दो घंटे बिताए।

मुलाकात के दौरान मदन मोहन ने अपने लंबे जीवनकाल के अनुभव साझा किए। हिंदी की शिक्षिका रहीं कमलेश रानी ने अपनी कविताएं और नौकरी के किस्से सुनाए, जिन्हें क्लब सदस्यों ने आनंदपूर्वक सुना। क्लब अध्यक्ष अरुंधति पेंढारकर ने बताया कि व्यस्तता के चलते बच्चे चाहकर भी माता-पिता को समय नहीं दे पाते हैं, जिससे वे अकेलापन और उपेक्षित महसूस करते हैं। समाज के वरिष्ठ लोगों को खुशी देने के लिए यह नवाचार किया गया है। अब प्रतिमाह किसी परिवार के साथ दो घंटे बैठकर उनके अनुभव सुने जाएंगे और क्लब की ओर से उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

क्लब सचिव प्रीति जोशी ने दोनों बुजुर्गों को शॉल ओढ़ाकर और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। आभार कोषाध्यक्ष आरती श्रीवास्तव ने माना। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुधा गुप्ता, सर्विस चेयरपरसन मधु गुप्ता, कोचेयरपरसन डॉ. रश्मि, मिथिलेश गर्ग, जागृति शर्मा और संतोष गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### क्षीरसागर उद्यान में भारती सर्वसेन समाज ने किया पौधारोपण

**उज्जैन।** वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम के तहत भारती सर्वसेन समाज द्वारा क्षीरसागर स्थित उद्यान में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव मनोनीत शहर जिलाध्यक्ष नितिन सेन उपस्थित हुए, जिनका सेन समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जोन क्रमांक 3 के अध्यक्ष व युवा नेता सुशील श्रीवास ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से सेन समाज के अध्यक्ष शिवनारायण झाला, संरक्षक सुरेश सोलंकी, कन्हैया लाल सेन, महेंद्र सेन, आरपी वर्मा, वीरेंद्र परमार, सुनील वर्मा, महावीर सेन, बसंत सेन, निलेश वर्मा बिल्डर, शिव शंकर वर्मा, ओम गहलोत और रोहित वर्मा सहित अन्य सेन बंधु उपस्थित थे।

### कांग्रेसी कार्यकताओं ने फूंका प्रधानमंत्री का पुतला, की नारेबाजी

**उज्जैन।** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेताओं को हिरासत में लिए जाने की खबर मिलते ही उज्जैन में कांग्रेसी कार्यकताओं का आक्रोश फूट पड़ा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने टॉवर चौक स्थित भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के पास पहुंचकर उग्र प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया।

# उज्जैन बनेगा प्रदेश में खेलों की राजधानी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप होगा सर्वांगीण विकास

## नवागत जिला क्रीड़ा अधिकारी विजेंद्र देवड़ा का खेल संगठनों ने किया भव्य सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप उज्जैन में समस्त खेलों का तकनीकी एवं सर्वांगीण विकास होगा। आने वाले समय में उज्जैन प्रदेश में खेलों की राजधानी बनेगा। यह बात नवागत जिला क्रीड़ा अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने अपने सम्मान समारोह में कही।

स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र में उज्जैन जिला बॉडीबिल्डिंग, पावरलिफ्टिंग, आर्म रैसलिंग और वेटलिफ्टिंग संगठन द्वारा नवागत जिला क्रीड़ा अधिकारी देवड़ा का भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उज्जैन का नवीनतम खेल विकास आने वाले वर्षों में खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मार्ग प्रशस्त करेगा। शहर में हॉकी का टर्फ मैदान, तैराकी अकादमी, मलखंब अकादमी सहित बास्केटबाल, बॉडीबिल्डिंग, पॉवर लिफ्टिंग, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और आर्म रेसलिंग जैसे विभिन्न खेलों का भव्य स्वरूप निखरता हुआ दिखाई देगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों, कोच और विभिन्न खेल संगठनों के पदाधिकारियों से पूरी ऊर्जा के साथ नवोदित खेल प्रतिभाओं के उत्थान में योगदान देकर उज्जैन, प्रदेश और देश को गौरवान्वित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य शरीर सौष्ठव संस्था के प्रादेशिक अध्यक्ष प्रेम सिंह यादव ने की।

### घट यात्रा और ध्वजारोहण के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान शुरू

# 29 जुलाई तक मनेगा अष्टानिका महापर्व, लक्ष्मी नगर जैन मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



दिगंबर जैन समाज का अष्टानिका महापर्व मंगलवार से उल्लास के साथ शुरू हो गया है। इसके तहत लक्ष्मी नगर-सेठी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि प्रणीत सागर महाराज के सानिध्य में घट यात्रा, ध्वजारोहण और मंडल शुद्धिकरण के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान की शुरूआत हुई। यह महापर्व 21 से 29 जुलाई तक मनाया जाएगा।

समाज सचिव सचिन कासलीवाल और मंदिर सचिव सुशील लुहाड़िया ने बताया कि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि प्रणीत सागर महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से कार्यक्रम शुरू हो रहे हैं। पहले दिन घट यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं एक जैसे वस्त्र पहनकर सिर पर कलश व झंडा लिए चल रही थीं, वहीं पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्रों में शामिल हुआ। घट यात्रा के बाद मुनि के सानिध्य में ध्वजारोहण किया गया। विधानाचार्य ने मंडल शुद्ध कर विधान की स्थापना की, जिसमें चारों दिशाओं में अलग-अलग रंगों की झंडियां लगाकर विधान का सकलीकरण किया गया।

#### धर्म लाभ से जीवन होता है सार्थक

अष्टानिका महापर्व के प्रथम दिन मुनि प्रणीत सागर महाराज ने पर्व, ध्वजारोहण और विधान का महत्व बताया। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि जो श्रद्धालु इन दिनों के महत्व को समझकर धर्म लाभ लेता है, उसका जीवन सार्थक हो जाता है और उसे सभी क्षेत्रों में उन्नति प्राप्त होती है। विधान में प्रतिदिन भगवान को अर्घ चढ़ाए जाएंगे।

#### 1008 लौंग से हुआ सिद्ध मंत्रावली अनुष्ठान

मंदिर में प्रतिदिन सुबह नित्य नियम पूजा के साथ भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, विधान, मुनि के प्रवचन और आहारचर्या संपन्न हो रही है। मंगलवार दोपहर मुनि के सानिध्य में 1008 लौंग से सिद्ध मंत्रावली का विशेष अनुष्ठान आयोजित किया गया, जिसमें मुनि ने मंत्रों का महत्व और विधि समझाई। वहीं, शाम को आरती व धर्म कक्षा के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

#### विधान के लिए मुख्य पात्रों का हुआ चयन

विधान के सुचारू संचालन के लिए मुख्य पात्रों का चयन किया गया, जिसमें सौधर्म इंद्र बोनी रेणु जैन, महेंद्र इंद्र उषा जैन, सनत इंद्र सुशीला संजय सचिन कासलीवाल, ईशान इंद्र शोभा अशोक जैन, यज्ञ नायक कल्पना अनिल जैन ट्रांसपोर्ट और श्रीपाल-मैना सुंदरी देवेंद्र सपना सिंघाई को बनाया गया।

### 4 अगस्त को निकलेगी समर्पण कांवड़ यात्रा, बैठक में किया अधिकाधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी 4 अगस्त को निकलने वाली समर्पण कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए बुधवार को समर्पण सेवा समिति की एक वृहद बैठक संपन्न हुई। बैठक में यात्रा संयोजक नारायण यादव ने जयघोष करते हुए सभी लोगों से यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संरक्षण में निकलने वाली यह यात्रा इस वर्ष स्व. ओम अमरनाथ खत्री को समर्पित रहेगी।


बैठक में उपस्थित अतिथियों ने कांवड़ यात्रा को भव्य और सफल बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन, समिति के वरिष्ठ तपन भौमिक, अध्यक्ष विजय जायसवाल और सचिव राम भागवत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। समिति सचिव राम भागवत ने बताया कि यात्रा के स्वागत के लिए पूरे शहर में 5000 भगवा ध्वज लगाए जा चुके हैं।

बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महामंत्री कमल बैरवा, उज्जैन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश यादव, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सोभाग सिंह के साथ उज्जैन दक्षिण के सभी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र आंजना, सतीश सिंदल, मुकेश पोरवाल, परेश कुलकर्णी, गजेंद्र खत्री और हरीश सोलंकी ने सहभागिता की। इनके अलावा तुषार पंवार, प्रकाश शर्मा, गिरीश जायसवाल, दिनेश जादौन, रमण जायसवाल, जमना यादव और मोहन गुरु सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने किया।

# शिविर में आयुर्वेद से चमत्कार, बिना ऑपरेशन घुटनों के दर्द से मिली राहत

### क्षीरसागर की जायसवाल धर्मशाला में 24 जुलाई तक चलेगा निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में 24 जुलाई तक पांच दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर जारी है। शिविर में जबलपुर के आयुर्वेद विशेषज्ञ और मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर संतोष आनंद जायसवाल मरीजों की निःशुल्क जांच कर आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार कर रहे हैं। शिविर में गंभीर और असाध्य रोगों से परेशान मरीजों को चमत्कारिक रूप से स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

शिविर में मिल रहे उपचार से मरीजों को काफी राहत मिल रही है। 121 गिरधर निवास सिंहपुरी उज्जैन की रहने वाली उज्ज्वला दिसावल को डॉक्टरों ने दोनों घुटने बदलने की सलाह दी थी। इसके अलावा उन्हें शुगर और थायराइड भी है। शिविर से ली गई मात्र 10 दिन की आयुर्वेदिक दवा से उन्हें इतनी राहत मिली कि उन्होंने घुटने बदलवाने का निर्णय टाल दिया और अब वे आयुर्वेद से ही अपना इलाज आगे बढ़ा रही हैं। इसी तरह जबलपुर निवासी लम्मू सिंह के बेटे और बहू को भी संतानहीनता के उपचार में काफी फायदा हुआ है। आयोजकों ने अपील की है कि जो दंपती लंबे समय से इलाज के बाद भी निःसंतान हैं, वे एक बार इस चिकित्सा शिविर का लाभ अवश्य उठाएं।

पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे संतोष आनंद जायसवाल मुख्य रूप से पुराने और असाध्य रोगों का इलाज कर रहे हैं। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां बिना किसी सर्जरी के मात्र पांच मिनट में मस्सा निकालने की सुविधा दी जा रही है।

शिविर में लीवर, किडनी, पथरी, बवासीर, भगंदर, दमा, थायराइड, मिर्गी, माइग्रेन, साइटिका, लकवा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया वात, कैंसर और चर्म रोग जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। इसके साथ ही महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं, बच्चों की स्मरण शक्ति और आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए विशेष आयुर्वेदिक दवाएं दी जा रही हैं।

आयोजकों ने बताया कि यह चिकित्सा शिविर उज्जैन में हर महीने की 20 से 24

### महाकाल सेना ने अध्यक्ष को पत्र लिखकर जताई आपत्ति

# न मंत्री न जज फिर भी रिटायर्ड बैंक कर्मी को गर्भगृह में जल चढ़ाने की अनुमति पर उठे सवाल

#### साधु-संतों और नंदी हॉल के दर्शनार्थियों की जानकारी हो सार्वजनिक

#### अनुमति की अवधि भी हो स्पष्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में एक रिटायर्ड बैंक कर्मचारी को वीआईपी की तरह जल चढ़ाने की अनुमति देने पर विवाद खड़ा हो गया है। महाकाल सेना ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष को पत्र लिखा है। संगठन ने सवाल उठाया है कि जो व्यक्ति न तो जज है और न ही कोई केंद्रीय मंत्री, उसे किस आधार पर हर साल श्रावण मास में सपरिवार गर्भगृह में प्रवेश दिया जा रहा है।

महाकाल सेना के संगठन मंत्री पंडित किशन पाण्डेय ने पत्र में आरोप लगाया है कि मंदिर समिति आमतौर पर वीआईपी की पद और प्रतिष्ठा देखकर गर्भगृह में जल चढ़ाने की अनुमति देती है। इसके बावजूद प्रमोद शर्मा नामक एक रिटायर्ड बैंक कर्मचारी को किसी वरिष्ठ अधिकारी के माध्यम से यह विशेष अनुमति मिल रही है। संगठन ने इसे अन्य दानदाताओं और यजमानों के साथ अन्याय बताते हुए इस वीआईपी ट्रीटमेंट पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। साथ ही यह भी स्पष्ट करने को कहा है कि इन्हें किस अधिकारी द्वारा अनुमति दिलाई जा रही है।

मंदिर व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग करते हुए पाण्डेय ने पत्र में लिखा है कि गर्भगृह में जाने वाले साधु, संत और महंतों का समय निर्धारित किया जाना चाहिए। मंदिर के द्वारों पर उनके नाम, अखाड़े, आश्रम और पद की सूची चस्पा की जानी चाहिए। इसके अलावा जो लोग नियमित रूप से नंदी हॉल में बैठकर भजन करते हैं या फर्स्ट प्रोटोकॉल से दर्शन करते हैं, उनकी सूची भी सार्वजनिक होनी चाहिए।

संगठन की मांग है कि मंदिर समिति जो सूची चस्पा करे, उसमें यह साफ लिखा हो कि संबंधित व्यक्ति को कितने दिन, महीने या साल की अनुमति दी गई है। जिस प्रकार पुजारियों और पुरोहितों के प्रतिनिधियों की सूची लगाई गई है, उसी तरह अन्य सभी अनुमति प्राप्त दर्शनार्थियों की जानकारी भी चस्पा की जाए, ताकि आम भक्तों को पता रहे कि किन लोगों को समिति द्वारा अधिकृत प्रवेश दिया गया है।

### चैना-कुशला माता के 40वें वार्षिकोत्सव पर लखेरा समाज ने निकली भव्य शोभायात्रा

# समाजजन दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अब्दलपुर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में लखेरा समाज द्वारा चैना-कुशला माता के 40वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं पदाधिकारी उज्जैन पहुंचे और कार्यक्रम में सहभागिता की। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं फूलों से सजाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के प्रथम दिवस महिलाओं द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। भक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुतियों पर महिलाएं श्रद्धा एवं उत्साह के साथ झूमती नजर आईं, जिससे पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, अखिल भारतीय लखेरा महासभा के मुख्य संरक्षक विष्णु प्रसाद बगड़िया, ईश्वरलाल हाटड़िया तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जयेश लखेरा उपस्थित रहे। समाज की ओर से सभी अतिथियों का बाबा महाकाल की शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। लखेरा समाज मंडल के अध्यक्ष अजय गेहलोत ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन चैना माता, कुशला माता एवं रूपजी महाराज के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ भव्य चल समारोह निकाला गया। यह शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर के पास समाज की धर्मशाला पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठजन एकता का संदेश देते हुए शामिल हुए, वहीं युवा भगवान के जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक चल रहे थे। महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर भक्ति गीतों पर नृत्य किया और नारी शक्ति का संदेश दिया। शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। उज्जैन लखेरा समाज मुख्य समिति के अध्यक्ष कृष्णालाल थुनिया एवं उपाध्यक्ष रामचंद्र गेहलोत ने देशभर से पधारे अतिथियों एवं समाज के पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान समाजहित में आयोजित बोलियों का क्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय लखेरा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयेश लखेरा ने कहा कि मध्यप्रदेश में अब तक लखेरा समाज का इतना विशाल आयोजन किसी शहर में नहीं हुआ है। यह आयोजन समाज की एकता, संगठन और सामूहिक शक्ति का अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से समाज की परंपराओं, संस्कृति और धार्मिक मूल्यों से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करते हुए समाज के इतिहास और संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और सभी को मिलकर सनातन धर्म एवं सामाजिक मूल्यों के संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए। चल समारोह के समापन के बाद सभी समाजबंधुओं के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में आयोजन को सफल बनाने वाले सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं समाजजनों का आभार व्यक्त किया गया।

# एयर गन शूटिंग में उज्जैन का दबदबा, बेटियों ने जीता सिल्वर मेडल

### इंदौर में आयोजित 29वीं चैंपियनशिप में उज्जैन राइफल एसोसिएशन के 10 खिलाड़ियों ने प्री-नेशनल और वेस्ट जोन के लिए किया क्वालीफाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौर के एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुई 29वीं राज्य स्तरीय एयर राइफल पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्पर्धा में उज्जैन की वेदिका राजावत, भामिनी बंसल और माही की टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर वुमन वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर शहर का नाम रोशन किया है।

मध्य प्रदेश राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में 14 से 20 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता के अंतिम दिन उज्जैन राइफल एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए। इस चैंपियनशिप के आधार पर उज्जैन के 10 खिलाड़ियों ने आगामी ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप और वेस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों में आशविक नामदेव, आदित्य दुबे, सुयश सोलंकी, पार्थ तोषनीवाल, मुकद्दस खान, खुशी मीना, अभ्युदय सिंह, श्रुति सेन, आशुतोष गंधरा और चित्रांशी लश्करी शामिल हैं। संस्था के प्रशिक्षक अक्षय सिंह और कार्तिक तोमर ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी है और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए नई तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रशिक्षकों ने बताया कि संस्था पिछले 11 सालों से लगातार उज्जैन के खिलाड़ियों को शूटिंग का प्रशिक्षण दे रही है और यहां से अब तक कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल चुके हैं।

उज्जैन
गुरुवार
23
जुलाई, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

**ये वदन्तीह सत्यानि प्राणत्यागेऽप्युपस्थिते।**
**प्रमाणभूता भूतानां दुर्गाण्यतितरन्ति ते॥**

**अर्थः** प्राणत्याग की परिस्थिति में भी जो सत्य बोलता है, वह प्राणियों में प्रमाणभूत है। वह संकट पार कर जाता है।

## खबर एक नजर...

### नाना पटवारी मामले में छात्र नेता से 6 घंटे पूछताछ

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने एमडी ड्रग्स मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों की जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी से जुड़े मामले में पूछताछ का दायरा बढ़ा दिया है। इसी क्रम में बुधवार को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और छात्र नेता रवि चौधरी समेत दो लोगों को नोटिस देकर पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया। दोनों दोपहर करीब 2 बजे राजेंद्र नगर थाना पहुंचे, जहां एसीपी कार्यालय में उनसे लगातार छह घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई। देर रात तक दोनों पुलिस अधिकारियों के सामने मौजूद रहे। हालांकि पुलिस ने पूछताछ में क्या सवाल किए और क्या जानकारी मिली, इसका खुलासा नहीं किया है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ एसीपी निधि सक्सेना और जांच टीम के एसआई प्रदीप ने की। इस दौरान मीडिया भी थाने पहुंची, लेकिन दोनों को अलग कमरे में बैठाकर पूछताछ की गई। पुलिस इससे पहले इस मामले में कॉलोनाइजर सुमित मंत्री समेत कई अन्य लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है। नाना पटवारी को भी दो बार पूछताछ के लिए बुलाया जा चुका है। पहली बार वह मीडिया के सामने आए थे, लेकिन दूसरी बार की पूछताछ के दौरान उन्होंने सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जानकारी के अनुसार अब तक पुलिस इस पूरे मामले में दो दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है। जांच एजेंसियां एमडी ड्रग्स प्रकरण और क्रिकेट सट्टे से जुड़े पहलुओं के बीच संभावित कड़ियों की भी पड़ताल कर रही हैं। रवि चौधरी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर होने के साथ छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर भी चर्चित रहते हैं। हाल ही में उन्हें महाकाल मंदिर में भारतीय क्रिकेटर तिलक वर्मा और अभिनेता संजय दत्त के साथ वीआईपी दर्शन करते हुए भी देखा गया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके लाखों फॉलोअर्स हैं।

### गीता विहार कॉलोनी के डायरेक्टर सहित अन्य पर केस

**इंदौर।** देपालपुर की गीता विहार कॉलोनी में बंधक रखे गए प्लॉटों की बिक्री कर खरीदारों से कथित धोखाधड़ी करने के मामले में एडह ने एस.एम.सी. इन्फ्रा एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, आम मुख्त्यारधारी और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया बेच दिया गया। ईओडब्ल्यू की जांच के अनुसार ग्राम ताजखेड़ी (तहसील देपालपुर) स्थित गीता विहार कॉलोनी के विकास काम के लिए प्लॉट क्रमांक 88, 89, 90 और 124 को कॉलोनी सेल के माध्यम से बंधक रखा गया था। बावजूद इसके मार्च और मई 2018 में इन प्लॉटों का 55.80 लाख रुपए में बेच दिया गया, जबकि विक्रेताओं को इन प्लॉटों पर स्वामित्व हस्तांतरण का अधिकार ही प्राप्त नहीं था। शिकायत भ्रष्टाचार विरोधी संगठन के सचिव एस. शिवम ने की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कॉलोनी का विकास काम पूरा हुए बिना फर्जी इंजीनियर प्रमाण-पत्र तैयार कर रेरा में प्रस्तुत किया गया और शासन के पास बंधक प्लॉटों का भी बेच दिया गया। प्रारंभिक जांच में ईओडब्ल्यू को यह भी पता चला कि कॉलोनी में लगभग 70 प्रतिशत विकास काम ही पूरा हुआ था। बाउंड्रीवाल, सड़क, ड्रेनेज लाइन, वाटर लाइन, पानी की टंकी, सेप्टिक टैंक, मुख्य द्वार और उद्यान का निर्माण तो हुआ, लेकिन विद्युत संबंधी काम अधूरा था।

### इंदौर में पानीपुरी के पैसे को लेकर दोस्तों में विवाद

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में पानीपुरी खाने के बाद पैसे देने की बात पर हुए विवाद में दो दोस्तों ने अपने ही दो साथियों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के मुताबिक मंगलवार रात सुखलिया क्षेत्र से चाकूबाजी की सूचना मिली थी। घटना में वीरेंद्र पुत्र दरबार सिंह निवासी सुखलिया और अर्जुन पुत्र संतोष निवासी राय बंगला घायल हुए थे। पुलिस जांच में सामने आया कि चारों युवक आपस में दोस्त हैं। घायल अर्जुन ने पुलिस को बताया कि वह, वीरेंद्र, सोकेस उर्फ शोकेस पुत्र अशोक निकुम निवासी साईं पैलेस कॉलोनी और सौरभ पुत्र राजेश कुमार खटीक साथ में पानीपुरी खाने गए थे। इसी दौरान पानीपुरी के पैसे चुकाने को लेकर सोकेस और वीरेंद्र के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर सोकेस ने चाकू निकालकर वीरेंद्र के पेट में वार कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे अर्जुन को भी चाकू लग गया। हमले में वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हुआ है।

### फर्जी बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** शेयर ट्रेडिंग और ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों रुपए की साइबर ठगी करने वाले संगठित गिरोह पर क्राइम ब्रांच इंदौर ने शिकंजा कसा है। मामले में पहले पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर क्राइम ब्रांच ने गिरोह के 3 और सक्रिय सदस्यों को दबोच लिया है। यह गिरोह फर्जी बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को मुहैया कराता था। मामले पूर्व में गिरफ्तार आरोपी जय सूर्यवंशी एवं जतिन हरियाले से पूछताछ और प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के 3 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों के पास से 15 मोबाइल फोन, कई सिम कार्ड और स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त किए हैं। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे साइबर फ्रॉड करने वाले संगठित गिरोह के संपर्क में थे।

---

इंदौर में जीतू पटवारी का केंद्र और शिक्षा नीति पर हमला, पीएचडी पर बयान से भी बटोरी सुर्खियां

## यदि सवालों का जवाब नहीं मिलता है तो आंदोलन की स्थिति

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर






कांग्रेस के छात्रों की गूंज अभियान के तहत इंदौर के रविंद्र नाट्यगृह में आयोजित संवाद कार्यक्रम में मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने लोकतंत्र, छात्र राजनीति और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने छात्रों के सवालों के जवाब दिए और युवाओं की नीति निर्माण में भागीदारी पर चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान जीतू पटवारी ने कहा कि लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं होना चाहिए। उनके अनुसार, सरकार चुनने के बाद नागरिकों का अधिकार है कि वे उसके फैसलों पर सवाल करें। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र वही है, जहां सरकार जनता के सवालों का जवाब देने के लिए जवाबदेह हो।

यदि सवालों का जवाब नहीं मिलता, तो असंतोष बढ़ता है और आंदोलन की स्थिति बनती है।

इस दौरान पटवारी ने छात्र राजनीति और शोध उपाधियों को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि उनकी व्यक्तिगत समझ के अनुसार कई नेता प्रभाव और दबदबे के बल पर नकल करके पीएचडी पूरी कर लेते हैं।

उन्होंने दावा किया कि राजनीति से जुड़े लोगों में ऐसे मामलों का प्रतिशत काफी अधिक है। उनका यह बयान कार्यक्रम के दौरान चर्चा का विषय बना रहा। उच्च शिक्षा के मुद्दे पर बोलते हुए पटवारी ने हाल ही में विश्वविद्यालय खोलने के नियमों में किए गए बदलावों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि केवल दो कमरों में विश्वविद्यालय स्थापित करने की अनुमति दी जाती है, तो इससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

उनके अनुसार, विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने वाली संस्था नहीं, बल्कि शोध, नवाचार और बेहतर शैक्षणिक वातावरण का केंद्र होना चाहिए। पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने भी लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जब विपक्ष प्रभावी नहीं रहता, तब जनता सवाल पूछने के बजाय व्यक्तिपूजा की ओर बढ़ने लगती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष दोनों की सक्रिय भूमिका जरूरी है, क्योंकि जवाबदेही से ही लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है।

कार्यक्रम का आयोजन फेडरेशन ऑफ वर्ल्ड यूथ एसोसिएशन और युवक कांग्रेस से जुड़ी शांभवी शुक्ला की ओर से किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत राहुल गांधी के संबोधन के वीडियो प्रदर्शन से हुई। संवाद के दौरान युवाओं की भागीदारी, शिक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा हुई।

---

टंट्याभील चौराहे पर जमकर हुई नारेबाजी, धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा होना चाहिए

## छात्रों के प्रदर्शन में शामिल हुए दिग्विजय-पटवारी





ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के टंट्याभील चौराहे पर धरना-प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट्स के बीच बुधवार रात पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह तथा पीसीसी चीफ जीतू पटवारी पहुंचे। दोनों नेता स्टूडेंट्स के साथ धरना-प्रदर्शन में बैठे। इस दौरान यहां पीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी हुई।

**दिग्विजय सिंह बोले- 21 जून को ही यह बात कह चुका हूं**

दिग्विजय सिंह ने चर्चा में कहा, 'धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा होना चाहिए। यह मांग कांग्रेस पिछले 25 दिनों से उठा रही है। मैं 21 जून को ही यह बात कह चुका हूं।'

पिछले कई दिनों से टंट्याभील चौराहे पर स्टूडेंट्स धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर से सोनम वांगचुक को हिरासत में लिए जाने के बाद इंदौर में भी स्टूडेंट्स की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यहां भी दिनभर में सैकड़ों की संख्या में स्टूडेंट्स धरना-प्रदर्शन में पहुंच रहे हैं और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

**स्टूडेंट्स के बीच बैठे दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी-** बुधवार रात दिग्विजय सिंह और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी टंट्याभील चौराहे पर पहुंचे। दोनों स्टूडेंट्स के बीच जाकर धरना-प्रदर्शन में बैठे और उनके आंदोलन का समर्थन किया। कांग्रेस के इन नेताओं के साथ शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे सहित कई कांग्रेस नेता भी धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए।

---

## चार दोपहिया वाहन निकले और बंद करना पड़ी लवकुश ब्रिज की भुजा



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

बुधवार से डबलडेकर ब्रिज की एक लेन शुरू होना थी। इंदौर विकास प्राधिकरण के अफसरों ने इसकी पूरी तैयारी कर ली थी। ब्रिज के ठीक नीचे से मेट्रो गुजरेगी। ब्रिज शुरू करने से पहले कमिश्नर रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) की अनुमति जरूरी है। अनापत्ति नहीं मिलने की वजह से ब्रिज की लेन शुरू नहीं हो पाई। जब साफ-सफाई की जा रही थी तब ब्रिज के दोनों तरफ से बेरिकेड हटा दिए गए थे। कुछ दो पहिया वाहन ब्रिज से गुजरे फिर इसे बंद करवा दिया गया। बुधवार रात करीब 10 बजे अनापत्ति मिल गई। गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसका लोकार्पण कर सकते हैं। 500 मीटर की चढ़ाई, 400 मीटर का ढलान अरबिंदो से बाणगंगा तरफ जाने वाली लेन को शुरू किया जाना है। इस लेन पर वाहनों को 500 मीटर की चढ़ाई करना होगी, जबकि ढलान 400 मीटर का रहेगा। दो और चार पहिया वाहन तो आसानी से चढ़ जाते हैं, लेकिन उतरते वक्त यानी ढलान पर गति को नियंत्रित करना चुनौती वाला काम रहेगा। कार को न्यूट्रल पर किया जाता है तो गति 55 से 60 किमी तक हो जाती है।

---

## वीआईपी कल्चरः भोपाल से अधिक इंदौर में हूटर बजाकर नेतागिरी का शौक!

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



गाड़ी पर हूटर लगाकर वीआईपी रुतबा दिखाने का शौक मध्य प्रदेश में खूब सिर चढ़कर बोल रहा है। कोई नेता जैसा दिखना चाहता है तो कोई सड़क पर अलग पहचान बनाना।

यही वजह है कि बीते ढाई साल में प्रदेश में अवैध हूटर लगाने पर 1 हजार से अधिक चालान काटे गए हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा क्रेज इंदौर में देखने को मिला, जहां 255 से अधिक लोगों पर कार्रवाई हुई।

भोपाल भी इससे अछूती नहीं रही और यहां 141 चालान कटे। बड़े शहरों के अलावा चंबल अंचल भी वीआईपी रुतबा दिखाने में पीछे नहीं हैं। यहां मुरैना में 100 से अधिक और भिंड में 92 चालान काटे गए हैं। हालांकि श्योपुर में जरुर 10 लोगों पर ही कार्रवाई हुई है। वहीं गाड़ी में अवैध हूटर लगाने पर दतिया में 52 के खिलाफ चालानी कार्रवाई हुई है।

1 जनवरी 2024 से 30 जून 2026 तक के आंकड़े बताते हैं कि अवैध हूटर लगाने पर उज्जैन में 68 चालान काटे गए। दिलचस्प बात यह है कि टीकमगढ़ में ढाई साल में हूटर लगाने के एक भी मामले में चालान नहीं काटा गया।

अवैध हूटर लगाने वालों से वसूले गए चालान का हिसाब भी पूरी तरह दुरुस्त नहीं है। प्रदेश के कई जिलों में चालान की राशि सरकारी खजाने तक पहुंचने से पहले ही 'पेंडिंग' हो गई है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, 1 लाख रुपए से अधिक की राशि अब तक शासन के मद में जमा नहीं हो सकी है।

देवास में 2024 में दो चालानों से 60 हजार रुपए वसूले जाने की जानकारी दी गई, लेकिन सरकारी खजाने में सिर्फ 30 हजार रुपए ही जमा हुए। इंदौर में वर्ष 2025 के 56 हजार और 2026 के 12 हजार रुपए अब तक जमा नहीं हो पाए हैं।

---

सोनम रघुवंशी की जमानत पर आज फैसला

## पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दी थी सरेंडर की सलाह, आज दोनों विकल्पों में से एक चुनना होगा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर





इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी उसकी सोनम रघुवंशी की जमानत के मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इसमें सोनम की जमानत पर फैसला होगा।

इससे पहले 21 जुलाई को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने उसे सरेंडर करने की सलाह दी थी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने सोनम के वकील से कहा था कि उनके पास दो विकल्प हैं-

पहला- यदि वे चाहें तो यह अदालत मेघालय सरकार की अपील पर उनकी दलीलें सुनकर अंतिम आदेश पारित कर सकती है।

दूसरा- सोनम फिलहाल आत्मसमर्पण करे ताकि जांच एजेंसियां उससे पूछताछ कर सकें और इस दौरान जमानत के मुद्दे पर भी विचार किया जा सके।

अब आज यह फैसला हो सकता है कि सोनम की जमानत बरकरार रहेगी या उसे जेल जाना होगा। इसी साल 26 अप्रैल को मेघालय हाईकोर्ट ने सोनम को जमानत दी थी। मेघालय सरकार ने जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है।

**सोनम के कानूनी तर्कों पर भी उठाए थे सवाल-** पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने वारदात के बाद सोनम के व्यवहार और कानूनी तर्कों पर भी सवाल उठाए थे। कोर्ट ने पूछा कि गिरफ्तारी के समय कारण नहीं बताए जाने का मुद्दा पहले क्यों नहीं उठाया गया? इस पर सोनम के वकील ने निर्देश लेने के लिए समय मांगा और कहा था कि वे अपना जवाब दाखिल करेंगे। वहीं, मेघालय सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोनम की जमानत का विरोध करते हुए कहा था कि उसने पुलिस के सामने स्वेच्छा से आत्मसमर्पण किया था। ऐसे में बाद में यह कहना कि गिरफ्तारी के कारण नहीं बताए गए, कानूनी रूप से स्वीकार नहीं है।

उन्होंने कोर्ट को बताया कि गिरफ्तारी मेमो में यदि कोई कमी है तो वह केवल लिपिकीय त्रुटि (क्लेरिकल मिस्टेक) है। जो आरोपी स्वयं पुलिस के सामने उपस्थित होकर समर्पण करता है, वह गिरफ्तारी की प्रक्रिया से जुड़े तकनीकी आधारों पर राहत नहीं मांग सकता।

---

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने प्रशासनिक अधिकारियों के जवाब पर नाराजगी जताई

## बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर हाई कोर्ट सख्तः कार्रवाई हो रही है कहने से काम नहीं चलेगा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर




इंदौर शहर में बढ़ते ध्वनि और पर्यावरण प्रदूषण को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने प्रशासनिक अधिकारियों के जवाब पर नाराजगी जताई है।

जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंट ने स्पष्ट कहा कि केवल यह कहना पर्याप्त नहीं है कि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन को शपथपत्र के साथ यह बताना होगा कि अब तक कितने मामलों में कार्रवाई हुई, किस कानून के तहत हुई और उसका क्या परिणाम निकला।

जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अमिताभ उपाध्याय और अन्य की ओर से एडवोकेट अभिनव पी. धनोड़कर ने तर्क रखा कि शहर में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण संबंधी नियमों का प्रभावी पालन नहीं हो रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन की कार्रवाई अपेक्षित स्तर पर दिखाई नहीं दे रही है।

**कोलाहल नियंत्रण कानून के पालन पर भी मांगी रिपोर्ट**

कोर्ट ने सरकारी एडवोकेट को निर्देश दिए हैं कि अगली सुनवाई तक यह जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए कि मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 की धारा-18 के तहत जिला दंडाधिकारी द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है। कोर्ट ने संकेत दिया कि कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होना आवश्यक है।

**ध्वनि प्रदूषण नागरिकों के जीवन के अधिकार से जुड़ा मुद्दा-** बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ध्वनि एवं पर्यावरण प्रदूषण केवल प्रशासनिक विषय नहीं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, शांतिपूर्ण जीवन और संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत प्रदत्त जीवन के अधिकार से सीधे जुड़ा हुआ मामला है।

इस पर हाई कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया। सुनवाई के दौरान कोर्ट के निर्देश पर खजराना जोन के एसीपी आशीष पटेल, मल्हारगंज जोन के एसीपी एएस जादौन और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सतीश चौकसे व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित हुए। राज्य शासन की ओर से एडवोकेट प्रद्युम्न किबे और एक प्रतिवादी की ओर से एडवोकेट श्रेय राज सक्सेना ने पक्ष रखा।

**कोर्ट ने कहा सिर्फ दावा नहीं, कार्रवाई का पूरा ब्यौरा दें-** अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि ध्वनि और पर्यावरण प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, लेकिन बेंच इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुई। कोर्ट ने कहा कि मौखिक दावे पर्याप्त नहीं हैं।

अधिकारियों को विस्तृत शपथपत्र प्रस्तुत कर यह बताना होगा कि किन व्यक्तियों या संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की गई, कार्रवाई की वर्तमान स्थिति क्या है और भविष्य में प्रदूषण रोकने के लिए कौन-कौन से प्रभावी कदम प्रस्तावित हैं।

ऐसे मामलों में औपचारिक जवाब देकर जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। प्रशासन को यह साबित करना होगा कि कानून का वास्तविक और प्रभावी पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई अगस्त तीसरे हफ्ते में निर्धारित की है।

## हरदा छात्रावास में छात्राओं के बीच मारपीटः

**हरदा।** बुधवार रात मारपीट में बदल गया। रात करीब 10 बजे सीनियर और जूनियर छात्राओं के बीच हाथापाई हुई। हंगामा करीब आधे घंटे तक चला। शोर-शराबे के बीच कुछ छात्राएं बेहोश भी हो गईं। यह विवाद छात्रावास की वार्डन भावना यादव को हटाने की मांग को लेकर चल रहा है। पिछले दो जनसुनवाई में कुछ छात्राएं कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के पास पहुंची थीं। उन्होंने भोजन, पानी और साफ-सफाई की कमी सहित कई शिकायतें की थीं। छात्राओं ने आरोप लगाया था कि शिकायत करने पर वार्डन उनका भविष्य खराब करने की धमकी देती हैं। इसके बाद कलेक्टर ने जांच टीम गठित कर व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए थे।

जांच रिपोर्ट आने से पहले ही छात्रावास में विवाद बढ़ गया। बारहवीं की छात्रा रोशनी रंगीले ने बताया कि जूनियर छात्राओं ने वार्डन का पक्ष लिया, जिस पर सीनियर छात्राओं ने उनकी पिटाई कर दी। वहीं ग्यारहवीं की छात्रा चाहत गुजरे का कहना है कि कॉलेज की छात्राएं वार्डन के साथ बदतमीजी कर रही थीं। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई। चाहत गुजरे ने बताया कि कॉलेज की कुछ छात्राएं जिम जाती हैं और कुछ निजी नौकरी करती हैं। वार्डन उन्हें समय पर आने-जाने के लिए टोकती हैं। इसी बात को लेकर कुछ छात्राएं उनसे विवाद करती हैं।

## ढाबे में लूट, मारपीट का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** सतना सिटी कोतवाली पुलिस ने ढाबे में लूटपाट और कर्मचारी से मारपीट के मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को पकड़कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामला 28 जून की रात रामपथगमन बाइपास स्थित आशीर्वाद ढाबे का है। ढाबे पर काम करने वाले पुष्पराज दाहिया (30) निवासी लोहरौरा के साथ यश सिंह उर्फ यशवर्धन (20) निवासी लोहरौरा, कार्तिक सिंह उर्फ छोटू, रिशु सिंह, आदित्य सिंह और उनके अन्य साथियों ने मारपीट की थी। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पुष्पराज से पैसों की मांग की। जब उसने पैसे देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद आरोपियों ने अपने कुछ और साथियों को बुलाया और ढाबे में तोड़फोड़ भी की। पूरी घटना ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर पहले आरोपी कार्तिक सिंह को गिरफ्तार किया था। अब दूसरे आरोपी यश सिंह उर्फ यशवर्धन को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले के अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## दलाली के लिए गेट पर खड़ी रहती हैं एम्बुलेंस

**सतना।** सतना जिला अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगने वाले जाम को लेकर अस्पताल प्रशासन ने पहली बार खुलकर बयान दिया है। सिविल सर्जन डॉ. अमर सिंह ने स्वीकार किया कि 108 और अन्य एम्बुलेंस निर्धारित पार्किंग में खड़ी होने के बजाय मुख्य गेट के पास खड़ी रहती हैं। उन्होंने कहा कि दलाली के कारण चालक अस्पताल परिसर में ही वाहन खड़े रखते हैं। इससे ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ती है और मरीजों को परेशानी होती है।

डॉ. अमर सिंह ने बताया कि 108 एम्बुलेंस के लिए खोवा मंडी में अलग पार्किंग बनाई गई है। वहां करीब 10 एम्बुलेंस खड़ी हो सकती हैं। इसके बावजूद चालक वहां वाहन खड़े नहीं करते। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस को सिर्फ मरीज लेने के लिए अस्पताल आना चाहिए। मरीज को छोड़ने के बाद वाहन वापस पार्किंग में चले जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। जिला अस्पताल के मुख्य गेट पर हर समय चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा और एम्बुलेंस अव्यवस्थित तरीके से खड़ी रहती हैं। कई बार गंभीर मरीजों को लेकर आने वाली एम्बुलेंस को अंदर आने और बाहर निकलने तक का रास्ता नहीं मिलता। ऐसे में चालकों को लाउडस्पीकर से वाहनों के नंबर पुकारकर रास्ता खाली कराने की अपील करनी पड़ती है। इससे मरीजों के इलाज में देरी होने का खतरा बना रहता है।

## सीधी में बिजली गिरने से किसान की मौतः14 मजदूर के साथ धान रोपाई के लिए गए थे



**सीधी।** सीधी जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र के बघोड़ी गांव में गुरुवार सुबह धान की रोपाई के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब किसान अपने खेत में अन्य मजदूरों के साथ काम कर रहा था। घटना के बाद खेत में अफरा-तफरी मच गई। बघोड़ी निवासी राम सुंदर पटेल (58) पुत्र छोटकउ पटेल गुरुवार सुबह करीब 8 बजे घर से करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। उनके साथ लगभग 14 मजदूर भी काम में जुटे थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। राम सुंदर पटेल खेत की मेड़ के पास रोपाई कर रहे थे, तभी उनके बेहद करीब आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद अन्य मजदूरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अमिलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। अमिलिया थाना प्रभारी राकेश बैस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में किसान की मौत आकाशीय बिजली गिरने से होना प्रतीत हो रही है। स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# एमपी में 60 घंटे से बारिश,40 से ज्यादा जिले भीगे, भोपाल में जर्जर मकान का हिस्सा गिरा; इंदौर में अकेला निकला दूल्हा

**एमपी में बारिश का दौर जारी है। भोपाल में बुधवार रात एक जर्जर मकान का हिस्सा गिर गया। हादसे में एक युवक घायल हो गया**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल





मध्य प्रदेश में तीन मजबूत सिस्टम एक साथ सक्रिय होने से 60 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग (क्टऊ) भोपाल ने 24 घंटे के लिए इंदौर, उज्जैन समेत 17 जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। लगातार बारिश से कई जगह सड़कें बंद हो गई हैं। वहीं भोपाल में 90 साल पुराने जर्जर मकान का हिस्सा गिरने से एक युवक घायल हो गया।

मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि प्रदेश के ऊपर मानसून ट्रफ, ऊपरी हवा का साइक्लोनिक सकुर्लेशन और पूर्व-पश्चिम शियर जोन सक्रिय हैं। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक के अनुसार, इन सिस्टम के कारण बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से लगातार नमी मिल रही है, जिससे कई जिलों में कम समय में भारी बारिश हो रही है। लगातार बारिश का असर शादी समारोहों पर भी दिखा। इंदौर में गुरुवार सुबह करीब 7 बजे गंगवाल से राजमोहल्ला के लिए निकली एक बारात में दूल्हा डीजे के साथ अकेला ही आगे बढ़ता नजर आया। तेज बारिश के कारण बाराती उसके साथ पैदल नहीं चल सके। अधिकांश बाराती बारिश से बचने के लिए वाहनों या सुरक्षित जगहों पर रुक गए, जबकि दूल्हा डीजे के साथ आगे बढ़ता रहा।

प्रदेश में औसत बारिश के आंकड़े में भी सुधार हुआ है। सोमवार तक जहां सामान्य से 17% कम बारिश दर्ज की गई थी, वह बुधवार तक घटकर 11% रह गई। अब तक प्रदेश में औसतन 12.1 इंच (307.9 मिमी) बारिश हो चुकी है, जबकि सामान्य तौर पर इस समय तक 13.7 इंच (347.7 मिमी) बारिश होनी चाहिए थी।

इंदौर में तेज बारिश ने एक बारात का रंग फीका कर दिया। गुरुवार सुबह करीब 7 बजे गंगवाल से राजमोहल्ला के लिए निकली बारात में दूल्हा अकेला ही डीजे के साथ रवाना हुआ। बारिश की तेज बौछारों के कारण बाराती उसके साथ पैदल नहीं चल सके। दूल्हे के साथ सिर्फ डीजे आगे बढ़ता रहा, जबकि अधिकांश बाराती बारिश से बचने के लिए वाहनों या सुरक्षित जगहों पर रुक गए। यह अनोखा नजारा राहगीरों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया और कई लोगों ने इसे अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया।

मौसम विभाग ने गुरुवार को आलीराजपुर, धार, बड़वानी और खरगोन में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं नीमच, रतलाम, उज्जैन, इंदौर, सीहोर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, उमरिया, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा भोपाल, रायसेन, राजगढ़, विदिशा, झाबुआ, बुरहानपुर, खंडवा, मंदसौर, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, डिंडौरी, सतना, मैहर, शहडोल, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में भी रुक-रुककर तेज बारिश होने की संभावना है।

# अवैध रेत खनन पर राज्यों को फटकार, अवैध खनन कराने वालों को हिरासत में लेंः सुप्रीम कोर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में अवैध रेत खनन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकारों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अदालत ने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ प्रिवेंटिव डिटेंशन (एहतियाती हिरासत) जैसे कड़े कदम उठाए जाएं, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त संदेश जाए।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में अवैध खनन और इससे संकटग्रस्त जलीय वन्यजीवों पर पड़ रहे प्रभाव से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि मुरैना जिले में अवैध रेत खनन में सहयोग करने वाले 551 लोगों की पहचान की जा चुकी है।

इस पर पीठ ने सवाल किया कि जब इनकी पहचान हो गई है तो इन्हें हिरासत में क्यों नहीं लिया गया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ एहतियाती हिरासत के आदेश जारी किए जाएं और कुछ समय तक उन्हें हिरासत में रखा जाए, ताकि दूसरों के लिए भी यह कार्रवाई नजीर बने।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चंबल नदी और उसकी सहायक नदियों का प्राकृतिक प्रवाह तथा वन्यजीवन का संतुलन सुरक्षित रहना चाहिए। अदालत ने टिप्पणी की कि प्रकृति अपने आप संतुलन बना सकती है, बशर्ते मानव हस्तक्षेप कम हो। जो लोग प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं, उनके प्रति किसी प्रकार की सहानुभूति नहीं दिखाई जानी चाहिए।

सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकारों ने अदालत को अवैध खनन रोकने के लिए दर्ज एफआईआर, जब्ती और अन्य कार्रवाई का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। हालांकि कोर्ट ने कहा कि अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए और सख्त कदम उठाने होंगे। मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को निर्धारित की गई है।

## ग्वालियर के मोती महल में बनेगा हाईटेक म्यूजियम ऑफ म्यूजिक



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

संगीत सम्राट तानसेन की कर्मभूमि और भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रमुख धरोहर ग्वालियर को जल्द ही नई सांस्कृतिक पहचान मिलने जा रही है। शहर के ऐतिहासिक मोती महल परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 'म्यूजियम ऑफ म्यूजिक' विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के तहत मोती महल के मूल ऐतिहासिक स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए उसे आधुनिक तकनीक से सुसज्जित संगीत संग्रहालय में परिवर्तित किया जाएगा, जहां ग्वालियर की समृद्ध संगीत परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को देश-विदेश के पर्यटकों के सामने आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने इच्छुक एजेंसियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं।

## महिला की खुदकुशी मामले में पति समेत 4 गिरफ्तारः कोर्ट ने भेजा जेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मैहर

मैहर में महिला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने पति समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि दहेज और 17 लाख रुपए के क्लेम की रकम को लेकर महिला को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। प्राथमिक जांच के आधार पर पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम और बीएनएस की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया कि ललितपुर क्रमांक-2 निवासी सोनम तिवारी (29) ने 15 जुलाई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद मर्ग कायम कर एसडीओपी ख्याति मिश्रा के नेतृत्व में मामले की जांच शुरू की गई। मृतका के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2022 में सोनम के भाई की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद मिले 17 लाख रुपए के क्लेम की राशि को लेकर पति और ससुराल पक्ष लगातार सोनम पर दबाव बना रहे थे। परिजनों के अनुसार, सोनम के पिता ने दामाद अतुलेश तिवारी को अलग-अलग समय पर 3 लाख रुपए भी दिए थे। इसके बावजूद प्रताड़ना जारी रही। परिजनों का आरोप है कि इसी मानसिक दबाव से परेशान होकर सोनम ने आत्महत्या कर ली। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने पति अतुलेश तिवारी (33), ससुर कमलेश्वर प्रसाद तिवारी (62), सास सुनीता तिवारी (48) और ननद बबली मिश्रा (36) के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# नदी पर तान दिए डेक... कांक्रीट से सिकोड़ा प्राकृतिक बहाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सीहोर/नर्मदापुरम



रातापानी टाइगर रिजर्व के संवेदनशील बफर जोन में स्थित यारनगर जंगल रिसोर्ट में प्राकृतिक बरसाती नदी कालियादेव किनारे पक्के निर्माण किए गए हैं। इससे पर्यावरणीय नियमों और वन्यजीव संरक्षण को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

रिसोर्ट में प्राकृतिक जलधारा के बहाव क्षेत्र को रिटेनिंग वॉल बनाकर संकरा किया गया है और पानी के ऊपर लोहे-लकड़ी के डेक बनाए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे न केवल प्राकृतिक जल प्रवाह प्रभावित हो सकता है, बल्कि वन्यजीवों के पारंपरिक आवागमन पर भी असर पड़ने की आशंका है।

जानकारों के अनुसार यह क्षेत्र बाघ, तेंदुआ और अन्य वन्यजीवों के लिए महत्वपूर्ण बफर जोन है, जहां प्राकृतिक जल स्त्रोत उनके आवागमन और पेयजल का प्रमुख आधार हैं। ऐसे में स्थायी निर्माण भविष्य में मानव-वन्यजीव संघर्ष और मानसून के दौरान दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। इस संबंध में रिसोर्ट संचालक पुष्कर शर्मा से संपर्क किया पर बात नहीं हो पाई।

नदी के ठीक ऊपर सिटिंग एरिया और पक्के कमरे बनाए जा रहे हैं। वन विभाग के जानकारों का कहना है कि पहाड़ों से आने वाला बरसाती पानी अचानक जलस्तर बढ़ा देता है। ऐसे में नदी के कैचमेंट एरिया में किया गया यह अतिक्रमण किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे सकता है। सवाल यह है कि यदि क्षेत्र निजी भूमि पर है, तब भी क्या बफर जोन, पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े नियम लागू नहीं होंगे? और यदि लागू हैं, तो उनकी निगरानी और अनुमति की जिम्मेदारी आखिर किस विभाग की है। बड़ा सवाल जवाबदेही को लेकर है। बुदनी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में निर्माण होने के बावजूद फॉरेस्ट एसडीओ श्रुति ओसवाल का कहना है कि रिसॉर्ट निजी जमीन पर बना है। वहीं रातापानी अभयारण्य के प्रभारी एवं रायसेन डीएफओ हेमंत रैकवार ने यारनगर क्षेत्र को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया। उधर सीहोर डीएफओ अर्चना पटेल ने पारिवारिक शोक का हवाला देते हुए कहा कि फिलहाल कुछ नहीं कह पाएंगी, मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

एनजीटी के हाई फ्लड लाइन नियम की धज्जियांः नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का साफ नियम है कि किसी भी प्राकृतिक नदी या नाले के डूब क्षेत्र में पक्का निर्माण नहीं हो सकता। यहां नदी से सटकर सीमेंट के ब्लॉक और पक्की दीवारें खड़ी कर दी गई हैं।

बाघों का राइट टू पैसेज छीनाः यह वन नाला रातापानी के वन्यजीवों के लिए पानी पीने का मुख्य स्त्रोत और उनका पारंपरिक गलियारा (कॉरिडोर) है। यहां इंसानी दखल और पक्की दीवारें बनने से जानवर पानी से दूर हो रहे हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा बढ़ गया है।

# जमीन विवाद में लाठी-डंडे चले, बुजुर्ग की मौत, 3 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सतना

सतना जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र के केवटरा गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। मामले की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार, चुन्नूलाल पुत्र कामता निषाद (34) और उनके परिवार का अच्छेलाल निषाद के परिवार से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। बुधवार शाम इसी विवाद में दोनों परिवारों की महिलाओं के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर चुन्नूलाल बीच-बचाव करने पहुंचे। आरोप है कि तभी अच्छेलाल ने अपने पिता श्यामलाल निषाद, भाई फूलचंद निषाद और मूलचंद निषाद के साथ मिलकर लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर चुन्नूलाल के चाचा पुरुषोत्तम निषाद (62), पंचा निषाद और बिहारीलाल निषाद मौके पर पहुंचे। उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। इससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार की महिलाओं और पड़ोसियों की मदद से सभी घायलों को जानकीकुंड अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद पुरुषोत्तम निषाद और बिहारीलाल निषाद को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने के कुछ देर बाद सिर में गंभीर चोट लगने से पुरुषोत्तम निषाद की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने चुन्नूलाल की शिकायत पर पहले मारपीट का मामला दर्ज किया था। बुजुर्ग की मौत के बाद अस्पताल चौकी में मर्ग कायम किया गया है। गुरुवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद मामले में हत्या की धाराएं जोड़ी जाएंगी।

### भागते समय आरोपियों को पकड़ा

इस बीच बुजुर्ग की मौत की सूचना मिलते ही आरोपी परिवार समेत भागने लगे। चित्रकूट पुलिस की सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने गढ़िया टोला तिराहे के पास घेराबंदी कर मूलचंद और फूलचंद को हिरासत में ले लिया। पुलिस संदेह के आधार पर परिवार की महिलाओं से भी पूछताछ कर रही है।

# पुलिस की बोलेरो लेकर भागा नशेड़ी, 6 लोगों को टक्कर मारी, बाइक को 200 मीटर घसीटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पन्ना





पन्ना जिले के रैपुरा थाने में खड़ी पुलिस की बोलेरो को एक युवक लेकर भाग निकला। उसने साप्ताहिक हाट में तेज रफ्तार में वाहन दौड़ाया। कई गाड़ियों को टक्कर मारी। 6 लोग घायल हो गए। बुधवार शाम करीब सात बजे की इस घटना का वीडियो भी सामने आया है।

जानकारी के अनुसार, इमलिया निवासी सुखेंद्र बुंदेला किसी काम से रैपुरा थाने पहुंचा था। वो नशे में था इसलिए पुलिसकर्मियों ने उसे बाहर निकाल दिया। बाहर खड़ी सरकारी बोलेरो में चाबी लगी हुई थी। सुखेंद्र ने गाड़ी स्टार्ट की और कटनी तिराहे की ओर बढ़ा दी।

कटनी तिराहे के पास साप्ताहिक हाट लगी थी। सड़क पर काफी भीड़ थी। सुखेंद्र ने लापरवाही से बोलेरो चलाते हुए कई गाड़ियों को टक्कर मारी। एक मोटरसाइकिल को करीब 200 मीटर तक घसीटते हुए ले गया।

इसके बाद उसने सड़क किनारे खड़ी कार और बस में भी टक्कर मारी। पुलिस ने पीछा कर अवंतिबाई चौक के पास बोलेरो रुकवा ली। सुखेंद्र को थाने ले आए। यहां करीब 150 लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई, जिसने आरोपी से मारपीट की कोशिश की। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सुखेंद्र को लॉकअप में बंदकर सुरक्षित किया। रैपुरा थाना प्रभारी स्मिता सिंह बघेल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घायल रमेश चौधरी, जलसा बाई, प्रमोद नायक, हेमलता बाल्मीकि और बेबी बाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# 'नामर्दों के प्रदेश-मध्य प्रदेश' वाली टी-शर्ट क्यों वायरल हुई?

## कॉकरोचों के प्रोटेस्ट में भागीरथपुरा-सिरप कांड का जिक्र; पब्लिसिटी स्टंट या राज्य का अपमान

### सवाल 1: 'नामर्दों के प्रदेश' वाली टी-शर्ट कैसे वायरल हुई?

टी-शर्ट वाले विवादित स्लोगन की शुरूआत दिल्ली के जंतर-मंतर से हुई। NEET-UG और NET जैसे पेपर लीक के खिलाफ देशभर के छात्र कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के बैनर तले संसद चलो आंदोलन कर रहे हैं। इसी आंदोलन में हिस्सा लेने मध्य प्रदेश के कुछ छात्र भी दिल्ली पहुंचे और वहीं यह विवादित टी-शर्ट पहनी। यूट्यूबर्स ने उनका इंटरव्यू लिया और यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया।

वीडियो में युवाओं ने एक सांस में कई मुद्दे गिनवा दिए। उन्होंने भागीरथपुरा कांड का हवाला दिया, जहां दूषित पानी से कई मौतें हुई थीं, और खजराना के उस अस्पताल का जिक्र किया जो सालों से बिना बिल्डिंग और बिना




हिसाब-किताब के कागजों पर चल रहा है। इसके साथ ही छिंदवाड़ा कफ-सिरप कांड, जिसमें कई बच्चों की मौत हुई थी।

### सवाल 2: क्या यह नारा मध्य प्रदेश का अपमान था?

जवाब- टी-शर्ट पहनने वाले युवाओं में शामिल पवन अहिरवार से हमनें बात की तो उनका कहना है कि यह राज्य का अपमान नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश के युवाओं की चुप्पी पर व्यंग्य है।

पवन का कहना है कि यूपी या बिहार में परीक्षा में छोटी सी धांधली होने पर भी छात्र



सड़कों पर उतर आते हैं और सरकार को फैसले बदलने पड़ते हैं। लेकिन मध्य प्रदेश में व्यापमं और पटवारी जैसे महाघोटाले होने के बावजूद युवा चुपचाप घरों में बैठा रहता है।

पवन ने बताया- नामर्द शब्द का इस्तेमाल किसी को नीचा दिखाने के लिए नहीं, बल्कि युवाओं को उकसाने के लिए किया गया, ताकि वे अपने हक के लिए सड़कों पर उतरने की हिम्मत जुटा सकें।

राजनीतिक विश्लेषक रशीद किदवई कहते हैं- इंकलाब जिंदाबाद जैसे नारे भी अगर शब्दशः लिए जाएं तो हिंसक क्रांति की मांग जैसे लगते हैं, जबकि उनका मकसद कभी वह नहीं रहा। तमाम राजनैतिक दल समय-समय पर ऐसी तीखी भाषा का इस्तेमाल करते आए हैं। उनका तर्क है कि जब देश के बड़े नेता खुद एक-दूसरे के लिए अपमानजनक भाषा से परहेज नहीं करते, तो छात्रों की एक टी-शर्ट पर उंगली उठाना बेमानी है।

### सवाल 3: ठएएळ के प्रदर्शन में पटवारी घोटाले का जिक्र क्यों?

जवाब- ये युवा पहले से ही ठएएळ और ठएळ पेपर लीक के खिलाफ चल रहे इंदौर के प्रदर्शन में शामिल थे।

युवाओं का कहना था कि परीक्षा में गड़बड़ी सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश में भी हुई है। इसी वजह से उन्होंने प्रदेश के चर्चित पटवारी भर्ती घोटाले का जिक्र किया। उनका मकसद यह बताना था कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का पैटर्न सिर्फ केंद्र की परीक्षाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य की भर्तियों में भी ऐसे आरोप लग चुके हैं।

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (MPESB) ने मार्च-अप्रैल 2023 में पटवारी भर्ती परीक्षा कराई थी, नतीजे 30 जून 2023 को आए। नतीजों के कुछ ही दिन बाद जुलाई 2023 में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगे- मेरिट लिस्ट के टॉप 10 में से 7 उम्मीदवार ग्वालियर के एक ही परीक्षा केंद्र से थे, जो एक तत्कालीन भाजपा विधायक का कॉलेज था।

परीक्षा के टॉपर मीडिया के सामने यह भी नहीं बता पाए कि मध्य प्रदेश में कुल कितने जिले हैं, और कई के हिंदी में हस्ताक्षर होने के बावजूद अंग्रेजी में पूरे अंक थे। मुरैना जिले के एक ही सरनेम (त्यागी) वाले 23 उम्मीदवार भी चुने गए, जिनमें से कई संदिग्ध रूप से दिव्यांग कोटे से थे। विपक्ष ने इसे 'व्यापमं 2.0' नाम दिया।

दबाव में शिवराज सरकार ने 19 जुलाई 2023 को नियुक्तियां रोक दी थीं और जांच आयोग बनाया था। इस बीच दिसंबर 2023 में प्रदेश में सरकार बदल गई, और आयोग की रिपोर्ट पर क्लीन चिट मिलने के बाद फरवरी 2024 में मोहन यादव सरकार ने नियुक्तियों का रास्ता साफ कर दिया। लेकिन छात्र संगठन आज भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने और निष्पक्ष जांच की मांग पर अड़े हैं।

### सवाल 4: भागीरथपुरा और सिरप कांड जैसे मामलों को उठाने का क्या मकसद था?

जवाब- प्रोटेस्ट में मौजूद युवाओं ने अपनी बात को सिर्फ पेपर लीक तक सीमित मुद्दा नहीं रहने दिया, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही के एक बड़े पैटर्न के तौर पर पेश करने के लिए राज्य के दूसरे हालिया हादसों का भी हवाला दिया। ताकि यह दिखाया जा सके कि आम लोगों की जान-माल से जुड़ी लापरवाही बार-बार होती है, फिर भी जवाबदेही कभी तय नहीं होती।

इंदौर में दूषित पानी से 36 मौतें: पिछले साल दिसंबर में इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 36 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें से 35 शवों का बिना पोस्टमॉर्टम अंतिम संस्कार कर दिया गया- सिर्फ एक शख्स का पोस्टमॉर्टम हुआ, और उसमें भी मौत का कारण खाली छोड़ दिया गया। हाईकोर्ट ने जनवरी में रिटायर्ड जस्टिस सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में जांच समिति बनाई थी, पर महीनों बाद भी रिपोर्ट नहीं आई। युवा इसमें फास्ट-ट्रैक न्याय की मांग कर रहे हैं।

छिंदवाड़ा में सिरप से 26 बच्चों की मौत: छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से 26 बच्चों की मौत हो गई थी। दबाव के बाद पुलिस ने कंपनी मालिक एस. रंगनाथन को गिरफ्तार किया, पर युवाओं की मांग है कि जिन अधिकारियों की मॉनिटरिंग के अभाव में यह सिरप बाजार तक पहुंचा, उन पर भी हत्या का मुकदमा दर्ज हो।

राजनीतिक विश्लेषक रशीद किदवई का कहना है कि दूषित पानी या जहरीले सिरप से मासूमों की जान जाना बेहद दहला देने वाला है, लेकिन सरकार और प्रशासन में जवाबदेही लगभग खत्म हो चुकी है। प्रोटेस्ट में पहुंचे युवाओं ने प्रदेश में हुए घोटालों और हालिया मुद्दों पर सवाल खड़े किए थे।

### सवाल 5: जिस हवा-हवाई अस्पताल का जिक्र हुआ, उसकी कहानी क्या है?

जवाब- इन दो मामलों के अलावा युवाओं ने जिस तीसरे मुद्दे का जिक्र किया, वह था खजराना का वह अस्पताल जो सालों से सिर्फ कागजों पर मौजूद है।

इंदौर के खजराना में प्रस्तावित 100 बेड के सिविल अस्पताल की घोषणा सरकार ने करीब 6 साल पहले की थी। लेकिन आज तक अस्पताल की इमारत तो दूर, उसके लिए जमीन का कब्जा भी नहीं मिल पाया। यानी अस्पताल आज भी सिर्फ सरकारी फाइलों में मौजूद है।

दिलचस्प बात यह है कि अस्पताल बना नहीं, लेकिन उसके लिए 87 पद पहले ही स्वीकृत कर दिए गए। डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ समेत करीब 80 कर्मचारी इसी अस्पताल के नाम पर नियुक्त हैं। फिलहाल ये कर्मचारी पीसी सेठी अस्पताल, हुकुमचंद अस्पताल और संजीवनी क्लीनिकों में काम कर रहे हैं।

सरकार का कहना है कि यह परियोजना पुराने अर्बन पीएचसी को अपग्रेड करने की योजना का हिस्सा थी, लेकिन जमीन नहीं मिलने से निर्माण शुरू नहीं हो सका। वहीं कांग्रेस के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

---

### हूती विद्रोहियों का सऊदी के 2 तेल टैंकरों पर अटैक

# अमेरिका का ईरान के 4 प्रांतों पर हमला, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बोले- वह बुरी तरह पिट रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव/तेहरान

अमेरिका ने लगातार 12वीं रात ईरान पर हमला किया। इस बार खुजेस्तान, बुशेहर, होर्मोजगान और इलाम प्रांतों में कई जगह मिसाइल और हवाई हमले हुए। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, कई सैन्य ठिकानों और रणनीतिक इलाकों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान बुरी तरह पिट रहा है।

दूसरी तरफ, यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सऊदी अरब के तेल टैंकर एन्सेलिया और लैला को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया है। सऊदी ने दोनों जहाजों पर हमले की पुष्टि की है।ब्रिटेन की UKMTO ने भी सऊदी तट के पास एक जहाज पर हमले की जानकारी दी है।

हूती विद्रोहियों के इस कदम से बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट में तनाव पैदा हो गया है और वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान होर्मुज स्ट्रेट में किसी जहाज पर हमला करता है, तो अमेरिका जवाब में ईरान के पुलों और बिजली घरों पर बमबारी करेगा। इनमें तेहरान के अंदर मौजूद ठिकाने भी शामिल होंगे। यमन के ईरान से जुड़े



हूती विद्रोहियों ने शिपिंग कंपनियों को सऊदी अरब के बंदरगाहों से दूर रहने की धमकी दी है। उन्होंने कहा अगर नहीं माना तो हमला होगा। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, मौजूदा संघर्ष में अब तक 18 अमेरिकी सैनिक मारे जा चुके हैं, जबकि सैकड़ों सैनिक घायल हुए हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बताया कि ईरान के साथ युद्ध पर अब तक 37.5 अरब डॉलर (करीब 3.6 लाख करोड़) खर्च हो चुके हैं।

#### अमेरिका न ईरान पर 12वीं रात एयरस्ट्राइक पूरी

अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमत 92.01 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई, जबकि हळक क्रूड 85.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (उएठळ-उडट) ने कहा कि उसकी सेना ने ईरान पर लगातार 12वीं रात एयरस्ट्राइक पूरी की। इन हमलों में ईरान के मिसाइल और ड्रोन स्टोरेज, समुद्री सैन्य क्षमताओं, तटीय निगरानी केंद्रों और एयर डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया गया। ENTCOM के मुताबिक, इस महीने अब तक ईरान के दर्जनों सैन्य ठिकानों पर कार्रवाई की जा चुकी है। अमेरिका ने यह भी दावा किया कि उसने ईरान के खिलाफ समुद्री नाकाबंदी लागू कर रखी है। इसके तहत 9 व्यावसायिक जहाजों का रास्ता बदला गया और एक जहाज को ईरानी बंदरगाह में आने-जाने से रोका गया।

---

# फ्रांस में कीटनाशक पर बैन हटा, पर्यावरण मंत्री का इस्तीफा: किसानों को बचाना ज्यादा जरूरी

#### पानी जमा करने की इजाजत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पेरिस

फ्रांस की पर्यावरण मंत्री मोनिक बारबू ने इस्तीफा देने का ऐलान किया है। उन्होंने यह फैसला विवादित कृषि बिल के विरोध में लिया है, जिसमें दो प्रतिबंधित कीटनाशकों के इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है।

एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक वैज्ञानिकों का कहना है कि ये कीटनाशक मधुमक्खियों और दूसरे परागण करने वाले कीड़ों के लिए नुकसानदायक हैं। पर्यावरण मंत्री बनीं बारबू आज राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अपना इस्तीफा सौंपेंगी। फ्रांस की संसद ने मंगलवार को यह बिल पेश किया था। सीनेट ने 214-111 मतों से विधेयक पारित कर दिया।

सरकार ने दावा किया कि ये कानून किसानों की मदद के लिए लाया जा रहा है। उसका कहना है कि किसानों को घटती कमाई और खेती की बढ़ती लागत जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

कीटनाशकों की मंजूरी: प्रतिबंधित




कीटनाशकों एसेटामिप्रिड और फ्लुपाइराडीफ्यूरोन के इस्तेमाल की अस्थायी मंजूरी देना। इसका इस्तेमाल चुकंदर, सेब और चेरी की खेती में किया जा सकेगा।

नुकसान- पर्यावरणविदों का कहना है कि इससे मधुमक्खियों की संख्या तेजी से घटेगी जिससे परागण पर असर पड़ेगा। इससे किसानों की पैदावार और आय पर उल्टा असर पड़ेगा।

पानी जमा करने की इजाजत: किसानों को सिंचाई के लिए बड़े जलाशय या कृत्रिम तालाब बनाने की अनुमति आसानी से मिले।

नुकसान- पर्यावरणविदों का कहना है कि ये जलाशय भूजल और नदियों से बड़ी मात्रा में पानी भरते हैं। इससे गर्मियों में नदियों और भूजल का स्तर घट सकता है जिससे पारिस्थितिक तंत्र पर असर पड़ेगा। जलवायु परिवर्तन की वजह से फ्रांस समेत यूरोप के कई हिस्सों में हीटवेव और सूखे की घटनाएं बढ़ रही हैं।

---

### जेफ्री एपस्टीन से जुड़े फ्रांसीसी शख्स डैनियल सियाद घर पर मरे मिले

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अरबपति और दोषी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े फ्रांसीसी मॉडलिंग स्काउट डैनियल सियाद अपने पेरिस स्थित घर में मृत पाए गए हैं। 69 साल के डैनियल सियाद पर फ्रांस में मानव तस्करी और महिलाओं के यौन शोषण में जेफ्री एपस्टीन की मदद करने के आरोपों की जांच चल रही थी। सियाद ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा था कि वह जांचकताओं के सामने पेश होकर अपना पक्ष रखना चाहते हैं। सियाद के खिलाफ कई शिकायतें दर्ज थीं, जिनमें दुष्कर्म के आरोप भी शामिल थे। अमेरिका में सार्वजनिक की गई एपस्टीन फाइलों के 1,000 से ज्यादा दस्तावेजों में डैनियल सियाद का नाम दर्ज है। 2014 में एपस्टीन को भेजे एक मैसेज में सियाद ने महिलाओं की तलाश करने के अपने काम की तुलना मछली पकड़ने से की थी।

---

### ट्रम्प की चेतावनी- अब होर्मुज में हमला मत करना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बार फिर ईरान को बमबारी की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में एक भी जहाज पर हमला हुआ तो ईरान में पुल और बिजली घरों को उड़ा देंगे। इसमें तेहरान की राजधानी के अंदर या उसके पास मौजूद पुल और बिजलीघर भी शामिल होंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, अब से अगर ईरान होर्मुज स्ट्रेट में किसी भी जहाज पर मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या किसी अन्य हथियार से हमला करता है, तो अमेरिका जवाब में ईरान के एक पुल या बिजलीघर को बम से उड़ा देगा। वहीं, अमेरिका ने बुधवार तड़के ईरान के पांच शहरों में एक साथ एयर और मिसाइल स्ट्राइक की। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक चाबहार, कोनारक, तबरीज, बेहबहान और ओमीदियेह को निशाना बनाया गया। सीजफायर टूटने के बाद अमेरिका ने लगातार 11वीं रात यह हमला किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने माना कि जॉर्डन में ईरान का एक हमला सफल रहा। हमले में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत भी हुई थी। ईरान के गृह मंत्री एस्कंदर मोमेनी पाकिस्तान पहुंचे और सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात की।


---

# चीन बोला- भारत ने हमारे 12 नाविकों को बचाया, ये एहसान कभी नहीं भूलेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग

भारत में चीन के नए मिलिट्री डिप्लोमैट यू जियान ने भारतीय सेना का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने केरल तट के पास आग लगने वाले मालवाहक जहाज से 12 चीनी नागरिकों को बचाया था। चीन यह एहसान कभी नहीं भूलेगा।

यू जियान ने यह बात मंगलवार को नई दिल्ली में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (ढछअ) की स्थापना की 99वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के नेताओं की कोशिशों से भारत-चीन संबंध फिर से सुधार की राह पर लौटे हैं। दरअसल, 9 जून 2025 को सिंगापुर के झंडे वाला कंटेनर जहाज एमवी वान हाई 503 केरल के अझिक्कल तट से करीब 44 समुद्री मील दूर आग लगने



के बाद विस्फोट का शिकार हो गया था। यह जहाज कोलंबो से न्हावा शेवा जा रहा था और उस पर 22 चालक दल के सदस्य सवार थे। जहाज श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से मुंबई जा रहा था। रास्ते में जहाज के एक कंटेनर में विस्फोट हुआ, जिसके बाद उसमें आग लग गई।

जहाज पर कुल 22 क्रू मेंबर्स सवार थे। भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल के त्वरित रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिए 18 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया था। बचाए गए लोगों में से 5 लोग घायल हुए थे, जिनमें 2 गंभीर रूप से झुलसे थे। 4 लोग लापता हो गए थे, जिन्हें मृत मान लिया गया।

---

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

## पुलिस ने छात्र संघ अध्यक्ष को हिरासत में लिया; पूरे बिहार में चौकसी बढ़ाई गई

बुधवार को पटना में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान हुए हंगामा और तोड़ फोड़ के बाद अब पूरे बिहार में चौकसी बढ़ा दी गई है। सभी जिलों के एसपी को अलर्ट रहने को कहा गया है। छात्र संगठन अक्रअ आज से गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन धरना देने वाले थे, लेकिन उन्होंने इसे कैंसिल कर दिया है। पुलिस ने पटना यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष शांतनु शेखर को हिरासत में लिया गया है।

बुधवार को धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी छात्र गांधी मैदान से राजभवन का घेराव करने निकले। जेपी गोलंबर, डाकबंगला चौराहा पर बैरिकेडिंग करने के बावजूद छात्र सीएम आवास और राजभवन के पास पहुंच गए।

छात्रों के हाई जोन सिक्योरिटी में पहुंचने के बाद पुलिस ने उन्हें हटाने की कोशिश की, लेकिन छात्र नहीं हटे। जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। कई छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इस दौरान कई छात्र



सड़क पर लेट गए। पुलिस घसीटकर उन्हें अपने साथ ले गई। प्रदर्शनकारी एक बार फिर डाकबंगला पहुंचे हैं। यहां छात्रों ने जमकर पत्थरबाजी की। कई पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई है। पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मी के सिर फट गए। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। पुलिस ने एक शख्स को भी हिरासत में लिया है। इस प्रदर्शन में 11 पुलिसकर्मी और अधिकारी घायल हुए हैं।

#### बाल-बाल बचे नेता

इससे पहले पुलिस ने छात्रों को जेपी गोलंबर पर रोका था, लेकिन वो वहां से भी बैरिकेडिंग तोड़कर डाकबंगला पहुंचे गए। जेपी गोलंबर पर पुलिस ने छात्रों को रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। आंसू गैस से के गोले दागे।

लाठीचार्ज भी किया, लेकिन इसके बाद भी वो सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। पुलिस से झड़प के बाद छात्र डाकबंगला पहुंचे। पुलिस ने छात्रों को डाकबंगला चौराहे पर बैरिकेडिंग कर रोक दिया। यहां करीब 1 घंटे तक छात्रों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। पुलिस ने कई बार उन्हें हटने को कहा, लेकिन वो पीछे नहीं हटे। इसके बाद उक्रत्र और उफ्क्रत्र को छात्रों को हटाने के लिए बुलाया गया।

■ वर्ष-12 अंक-260 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

भूमि: कीर्ति: यशो लक्ष्मी: पुरुषं प्रार्थयन्ति हि।
सत्यं समनुवर्तन्ते सत्यमेव भजेत् तत:॥

**भावार्थ** : भूमि, कीर्ति, यश और लक्ष्मी, सत्य का अनुसरण करनेवाले पुरुष की प्रार्थना करते हैं। इस लिए सत्य को ही भजना चाहिए।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 23 जुलाई, 2026

## २६ वर्षस्य प्रतीक्षायाः समाप्तिः पेन्शनभोक्तृभ्यः अधुना समये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशे लक्षशः पेन्शनभोक्तृणां कृते बहुप्रतीक्षायाः अनन्तरं महती राहतस्य घोषणा कृता अस्ति। राज्यपुनर्गठनकानूनस्य धारा ४९(६) इत्यनेन सह सम्बद्धस्य वर्षाणां जटिलतायाः समाधानं कृत्वा मध्यप्रदेशस्य छत्तीसगढस्य च सर्वकारेण संयुक्तः आदेशः जारीकृतः। एतस्य निर्णयस्य अनन्तरं नियमितकर्मचारिणां इव पेन्शनभोक्तृणां कृते समये प्राप्तुं मार्गः स्वच्छः कृतः अस्ति। प्रियता-राहत-परिवार-पेंशन-राहतं च परितः अनिश्चिततायाः समाधानेन-यत् प्रायः २६ वर्षाणि यावत् स्थापितं आसीत्-लक्षैः सेवानिवृत्तकर्मचारिणां तेषां परिवाराणां च आनन्दं जनयति।

सत्यहीना वृथा पूजा सत्यहीनो वृथा जपः।
सत्यहीनं तपो व्यर्थमूषरे वपनं यथा॥

**भावार्थ** : उज्जड़ जमीन में बीज बोना जैसे व्यर्थ है, वैसे बिना सत्य की पूजा, जप और तप भी व्यर्थ है।

## सम्पादकीयम्

### दीर्घकालीनः असन्तुष्टिः

लोकसभासभापतिं प्रति पत्रं प्रेषितम् अस्ति। इदानीं टीएमसी-संस्थायाः सुखेन्दु सेखररायः राज्यसभायाः त्यागपत्रं दत्तवान् अस्ति। दीर्घकालीनः असन्तुष्टिः ममता बनर्जी अधुना तादृशैः व्यक्तिभिः परितः दृश्यते ये कदाचित् तस्याः निकटतमविश्वासपात्राः आसन्। विधानसभानिर्वाचनपराजयानन्तरं विद्रोहः दिल्लीनगरं प्राप्तवान् इति तथ्यं सूचयति यत् दलस्य अन्तः बहुकालात् असन्तुष्टिः प्रचलति स्म। अभिषेक बनर्जी इत्यस्य भूमिकायाः विषये अनेके असन्तुष्टाः नेतारः असन्तुष्टिं प्रकटितवन्तः। अस्मिन् सन्दर्भे प्रश्नः उद्भवति यत् ममता बनर्जी कालान्तरे एतस्य असन्तुष्टेः मापनं कर्तुं असफलः अभवत् वा? ममतायाः आव्हानम्: यदा बङ्गदेशे प्रथमवारं टीएमसी सत्तां प्राप्तवती तदा बहवः वामपक्षीयनेतारः कार्यकर्तारः च पक्षं परिवर्तयन्ति स्म। तथैव राज्ये यथा यथा भाजपायाः बलं प्राप्यते स्म तथा तथा जनाः टीएमसीतः भाजपायाः समीपं गतवन्तः। परन्तु निर्वाचनपरिणामस्य कष्टेन एकमासपश्चात् एतादृशस्य प्रमुखस्य दलस्य उपरि यः संकटः दृश्यते सः अपूर्वः अस्ति। ममता स्वस्य निर्वाचितप्रतिनिधिनां पलायनं निवारयितुं आव्हानस्य सम्मुखीभवति। 'काकरोचजनतापार्टी' विरोधः : सोनम वाङ्गचुकस्य अनशनस्य द्वितीयः दिवसः; सः देशे सर्वत्र जनानां समर्थनं याचते।

#### वकिलानां सामाजिकमाध्यमानां उपयोगाय बीसीआई इत्यस्य नूतना आचारसंहिताः

## रीलस्य, एआइ सामग्रीयाः, ग्राहकस्य आग्रहस्य च विषये नवीनाः नियमाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भारतीय बार काउन्सिल (बीसीआई) इत्यनेन अधिवक्तृभिः, विधिछात्रैः, प्रशिक्षुभिः, विधिशिक्षकैः च सामाजिकमाध्यमानां उपयोगसम्बद्धं नूतनं नैतिकतासंहिता कार्यान्विता, विस्तृतं 37 पृष्ठीयं परिपत्रं जारीकृतम्। परिषद् न्यायालयस्य कार्यवाहीं सनसनीभूतं कर्तुं, सामाजिकमाध्यमानां कृते प्रचाररीलं, विडियो च निमातुं, भ्रामकप्रयोगेन वर्धमानस्य प्रवृत्तेः विषये गम्भीरचिन्ताम् प्रकटितवती एआई-जनितसामग्री, तथा च ग्राहकानाम् आग्रहः-प्रत्यक्षतया वा परोक्षतया वा-डिजिटल-मञ्चानां माध्यमेन। बीसीआई स्पष्टीकृतवान् यत् यद्यपि सामाजिकमाध्यमानां उपयोगः कानूनीजागरूकतायाः, कानूनीशिक्षायाः, शैक्षणिकप्रवचनस्य च कृते भवितुं शक्यते तथापि न्यायालयानाम् गौरवं क्षीणं कर्तुं, ग्राहकगोपनीयतां क्षीणं कर्तुं, न्यायप्रदानव्यवस्थायां जनविश्वासं क्षीणं कर्तुं वा न करणीयम्।

परिपत्रे टिप्पणी अस्ति यत् बीसीआई इत्यनेन न्यायालयस्य कार्यवाही, न्यायिकसुनवायी, न्यायालयसम्बद्धविषयेषु च प्रचलितरील, लघुवीडियो, सम्पादितक्लिप्स्, व्यक्तिगतटिप्पणी च अधिवक्तृणां, विधिछात्राणां, प्रशिक्षुणां, सामग्रीनिमार्तृणां च मध्ये वृद्धिं चिन्ताजनकं च प्रवृत्तिः अवलोकिता अस्ति परिषद् इत्यनेन उक्तं यत् न्यायिककार्यवाहीनां क्लिप्स् चयनात्मकरूपेण सन्दर्भात् बहिः प्रस्तुत्य, नाटकीयरूपेण सम्पादनं, प्रसारणं वा न्यायाधीशानां, अधिवक्तृणां, मुकदमेबाजानां




च उपहासं जनयितुं शक्नोति, येन न्यायपालिकायां जनविश्वासः दुर्बलः भवति।

न्यायालयस्य कार्यवाहीनां अनधिकृतं विडियो रिकार्डिङ्ग, लाइव-स्ट्रीमड्-सुनवायीभ्यः प्राप्तानां क्लिप्-प्रसारणं च बीसीआई-संस्थायाः निषिद्धम् अस्ति। परिषद् इत्यनेन उक्तं यत् न्यायालयस्य कार्यवाहीसम्बद्धः कोऽपि विडियो अथवा रिकार्डिङ्ग केवलं प्रयोज्यन्यायालयनियमानुसारं अथवा सम्बन्धितन्यायालयस्य अथवा महारजिस्ट्रारस्य लिखितानुमत्या एव कर्तुं शक्यते। एतेषां मार्गदर्शिकानां विरुद्धं यत्किमपि रिकार्डिङ्ग, सम्पादनं, प्रसारणं वा अनुमतं न भविष्यति। कृत्रिमबुद्धेः वर्धमानस्य उपयोगस्य पार्श्वे दुरुपयोगस्य सम्भावनायाः विषये परिषदः गम्भीरचिन्ता प्रकटिता अस्ति। परिपत्रे उक्तं यत् डीपफेक्स्, वॉयस् क्लोनिङ्ग, कल्पितकानूनीसामग्री, एआई-जनितन्यायिकनिर्णयाः, नकलीन्यायिकप्रशस्तिपत्राणि, एआई-आधारितकानूनीपरामर्शाः, न्यायाधीशानां वा अधिवक्तृणां वा अनुकरणं च कानूनीव्यवसायस्य विश्वसनीयतायाः अखण्डतायाः च कृते गम्भीरं खतरान् जनयन्ति बीसीआई इत्यनेन स्पष्टीकृतं यत् एआई-जनितानि चित्राणि, विडियो, श्रव्यं, डीपफेक्स्, फेस-स्वैप्स्, अथवा अन्यं सिंथेटिकं सामग्रीं निमातुं, साझेदारी कर्तुं, वा प्रसारयितुं वा कस्यापि न्यायाधीशस्य, अधिवक्ता, मुकदमेबाजस्य, साक्षिणः, न्यायालयस्य, न्यायाधिकरणस्य, अथवा न्यायिककार्यवाहीयाः सह सम्बद्धं नैतिकमानकानां उल्लङ्घनम् इति गण्यते। भारतस्य बार काउन्सिलेन पुनः उक्तं यत् विधिव्यवसायः सार्वजनिकसेवा एव, न तु साधारणव्यापारिकक्रियाकलापः। फलतः अधिवक्तारः प्रत्यक्षतया परोक्षतया वा स्वव्यापारस्य विज्ञापनं कर्तुं ग्राहकं याचयितुम् वा अनुमतिं न प्राप्नुवन्ति।

#### केन्द्रं प्रति अन्ना हजारे

## इत्यस्याः कुण्ठितपरामर्शः सोनम वाङ्गचुकस्य माङ्गल्याः निर्णयं कुर्वन्तु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नवदेहली

जलवायुकार्यकर्त्री शिक्षासुधारस्य अधिवक्ता च सोनम वाङ्गचुक इत्यस्य अनिश्चितकालं यावत् अनशनं कृत्वा राष्ट्रव्यापिरूपेण राजनैतिकसामाजिकक्रियाकलापः तीव्रताम् अवाप्तवान्। उपवासस्य एकविंशतितमे दिने सामाजिककार्यकर्ता अन्ना हजारे इत्यनेन केन्द्रसर्वकाराय आह्वानं कृतम् यत् सोनम वाङ्गचुकस्य सहनशक्तिः न परीक्षितव्या इति। सः निर्विवादरूपेण अवदत् यत् वाङ्गचुकस्य माङ्गल्याः विषये सर्वकारेण संवादः करणीयः, यदि माङ्गल्याः स्वीकारः कर्तुं न शक्यते तर्हि स्पष्टतया हाँ अथवा न इति वक्तव्यम् इति अन्ना हजारे इत्यस्याः वक्तव्यं तस्मिन् समये आगतं यदा दिल्लीपुलिसः स्वास्थ्यकारणानि उद्धृत्य वाङ्गचुकं सफदरजङ्ग-अस्पताले प्रवेशितवान् अस्ति-एतत कदमः तस्य समर्थकाः बलात् निरोधस्य सदृशं इति वर्णितवन्तः।

सोनम वाङ्गचुक विगत २१ दिवसेभ्यः दिल्लीनगरस्य जन्तरमन्तरे अनिश्चितकालं यावत् अनशनं कृतवती अस्ति। तस्य प्राथमिकमाङ्गं राष्ट्रियपात्रता-सह-प्रवेशपरीक्षा पेपर लीककाण्डस्य विषये केन्द्रीयशिक्षामन्त्री धर्मेन्द्रप्रधानस्य राजीनामा अस्ति। वाङ्गचुक इत्यस्य मतं यत् देशस्य शिक्षाव्यवस्थायाः विश्वसनीयतां पुनः स्थापयितुं उत्तरदायित्वनिर्धारणं अत्यावश्यकम् अस्ति। तस्य आन्दोलनं विभिन्नेभ्यः छात्रसङ्गठनेभ्यः, सामाजिककार्यकर्तृभ्यः, नागरिकसमाजसमूहेभ्यः च समर्थनं प्राप्नोति। शनिवासरे दिल्लीपुलिसः वाङ्गचुकं सफदरजङ्गचिकित्सालये नीतवान्। पुलिस कथयति यत् एषा कार्यवाही दिल्ली उच्चन्यायालयस्य निर्देशानुसारं कृता, यया वाङ्गचुकस्य स्वास्थ्यस्य नियमितनिरीक्षणस्य आदेशः दत्तः आसीत्। पुलिसस्य मते सः चिकित्साविशेषज्ञानाम् सल्लाहेन।

### राशिफल

**मेष** : छोटे लक्ष्यों पर फोकस करें, मदद मिलने पर स्वीकार करें और पॉजिटिव सोच रखें। खर्च सोच-समझकर करें।

**वृषभ** : छोटी-छोटी जीत मिलेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है।

**मिथुन** :आय में वृद्धि होगी, जिससे आने वाले समय में आर्थिक स्थिरता मिल सकती है। सेहत पहले से बेहतर रहेगी।

**कर्क** : मौकों की तलाश करें। धन का आगमन होगा और धनी बने रहने के लिए खर्च पर कंट्रोल करें।

**सिंह** : धीरे-धीरे आगे बढ़ना चाहिए। तनाव दूर करने के लिए मेडिटेशन करें। आपका दिन काफी बिजी साबित हो सकता है।

**कन्या** : आर्थिक स्थिति अच्छी रहने वाली है। आज का दिन आलस भरा साबित हो सकता है।

**तुला** : नौकरी पेशा की स्थिति अच्छी हो सकती है। काम के सिलसिले में विदेश की यात्रा के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** : लव लाइफ की प्रॉब्लम्स को सॉल्व करें। पैसों को स्मार्ट तरीके से करें मैनेज करें। ऑफिस रोमांस से बचें।

**धनु** : व्यापार के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज का दिन हलचल से भरपूर रहने वाला है।

**मकर** : ऑफिस में आपको सरप्राइज मिल सकता है।ऑफिस में शांत रहें। आपका इंट्यूशन कभी आपको गलत फीलिंग नहीं देगा।

**कुंभ** : शांति के साथ सफलताओं पर ध्यान दें। करियर में अपनी जगह बनाने के लिए मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।

**मीन** : सेहत के मामले में लापरवाही न बरतें। आज आपको भारी मात्रा में धन लाभ हो सकता है।


### ज्योतिष/वास्तु

## सूर्य-शनि का शुभ योग बदलेगा इन 4 राशियों का भाग्य, करियर और कारोबार में मिलेगी सफलता

वैदिक ज्योतिष के अनुसार 25 जुलाई 2026 को सूर्य और शनि के बीच 108 डिग्री का त्रिदशांक योग बनेगा। इस शुभ संयोग को मेहनत का फल, करियर में उन्नति, आर्थिक मजबूती और मान-सम्मान दिलाने वाला माना जाता है।

वैदिक ज्योतिष में ग्रहों के बीच बनने वाले विशेष कोणीय योगों का जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव माना जाता है। द्रिक पंचांग के अनुसार 25 जुलाई 2026 को सूर्य और शनि लगभग 108 डिग्री की दूरी पर रहेंगे। इस विशेष स्थिति को त्रिदशांक योग कहा जाता है। इसे रचनात्मकता, उपलब्धियों तथा संतुलित प्रगति का शुभ योग माना जाता है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार सूर्य आत्मविश्वास, नेतृत्व और प्रतिष्ठा के कारक हैं, जबकि शनि कर्म, अनुशासन और धैर्य के प्रतीक माने जाते हैं। जब इन दोनों ग्रहों के बीच त्रिदशांक योग बनता है तो व्यक्ति की मेहनत रंग ला सकती है, रुके हुए कार्यों में गति आ सकती है और करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। आइए जानते हैं कि इस योग का सबसे अधिक शुभ प्रभाव किन 4 राशियों पर पड़ सकता है।

**सिंह राशि-** सूर्य सिंह राशि के स्वामी हैं, इसलिए यह योग आपके लिए विशेष लाभकारी साबित हो सकता है। लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को वरिष्ठ अधिकारियों से सराहना मिल सकती है और नई जिम्मेदारियां भी सौंपी जा सकती हैं। प्रमोशन या वेतन वृद्धि के संकेत मिल सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को नए ग्राहक और लाभदायक सौदे मिलने की संभावना रहेगी। सरकारी कार्यों में आ रही बाधाएं दूर हो सकती हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा और घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने के योग बन सकते हैं। स्वास्थ्य भी पहले से बेहतर रहने की संभावना है।



**तुला राशि-** तुला राशि के जातकों के लिए यह योग करियर और सामाजिक पहचान को मजबूत करने वाला साबित हो सकता है। नौकरी में नई जिम्मेदारी या किसी बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का अवसर मिल सकता है। यदि नौकरी बदलने का प्रयास कर रहे हैं तो शुभ समाचार मिलने की संभावना है। व्यापार में नए क्लाइंट जुड़ सकते हैं और आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। आय और खर्च के बीच संतुलन बना रहेगा। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और रिश्तों में विश्वास बढ़ेगा। अविवाहित लोगों के लिए विवाह प्रस्ताव आने के योग हैं। विद्यार्थियों को गुरु या मेंटर का मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे सफलता की राह आसान हो सकती है।

**मकर राशि-** मकर राशि के स्वामी शनि हैं, इसलिए यह त्रिदशांक योग आपके धैर्य और मेहनत का अच्छा परिणाम दे सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने लगेंगे। नौकरी में स्थिरता आएगी और नई जिम्मेदारियां मिलने के संकेत हैं। व्यापारियों को धीरे-धीरे अच्छा मुनाफा प्राप्त हो सकता है। रुका हुआ धन मिलने की संभावना है और निवेश से जुड़े मामलों में सकारात्मक समाचार मिल सकते हैं। परिवार में आपकी सलाह को महत्व मिलेगा तथा जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए नई स्किल सीखने और भविष्य की योजना बनाने का समय अनुकूल रहेगा। अनुशासन बनाए रखने से और भी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वालों के लिए सूर्य और शनि का यह शुभ योग नई उपलब्धियों के द्वार खोल सकता है। करियर में लंबे समय से जिस अवसर का इंतजार था, वह अब मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को नई भूमिका या जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। व्यापार का विस्तार करने की योजना सफल हो सकती है।ऑनलाइ न व्यवसाय, टेक्नोलॉजी या डिजिटल क्षेत्र से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिलने के संकेत हैं। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में किसी सदस्य की सफलता खुशी का कारण बनेगी। प्रेम संबंधों में विश्वास बढ़ेगा और विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन लगेगा। स्वास्थ्य और आत्मविश्वास दोनों बेहतर रहने की संभावना है।

#### कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 आज से: 1,168 मेडल्स के लिए 3,000+ एथलीट्स में होगा मुकाबला

## 125 भारतीय खिलाड़ी 8 खेलों में उतरेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ स्कॉटलैंड

स्कॉटलैंड के शहर ग्लासगो में आज 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स की शुरूआत होगी। 2 अगस्त तक चलने वाले इस इवेंट में 74 देशों के 3,000 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 10 खेलों में 215 गोल्ड सहित कुल 1,168 मेडल दांव पर होंगे।

कॉमनवेल्थ गेम्स की शुरूआत 1930 में कनाडा के हैमिल्टन में हुई थी। तब इसे ब्रिटिश एम्पायर गेम्स कहा जाता था। पहले एडिशन में ब्रिटिश साम्राज्य से जुड़े 11 देशों के 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इसमें एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, लॉन बॉल्स, रोइंग, स्विमिंग और रेसलिंग जैसे खेल शामिल थे।

1930 से 1950 तक इस टूर्नामेंट को ब्रिटिश एम्पायर गेम्स कहा गया। 1954 में इसका नाम बदलकर ब्रिटिश एम्पायर एंड कॉमनवेल्थ गेम्स किया गया। 1970 में यह ब्रिटिश कॉमनवेल्थ गेम्स बना और 1978 से इसे कॉमनवेल्थ गेम्स के नाम से जाना जाता है। इसका आयोजन हर चार साल में होता है। इसका मकसद कॉमनवेल्थ देशों के खिलाड़ियों को बड़े इंटरनेशनल मंच पर कम्पटीशन का अवसर देना है। भारत ने पहली बार 1934 में हिस्सा लिया था।




### भारत का प्रदर्शन कैसा रहा है?

- भारत ने 1934 में कॉमनवेल्थ गेम्स में डेब्यू किया था। भारत ने 1930, 1950, 1962 और 1986 को छोड़कर बाकी सभी एडिशन में हिस्सा लिया है।
- लंदन 1934 गेम्स में भारत की ओर से छह एथलीटों ने हिस्सा लिया था। भारतीय दल ने 10 ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स और एक कुश्ती स्पर्धा में भाग लिया। इसी एडिशन में भारत ने अपना पहला मेडल जीता था। पहलवान राशिद अनवर ने पुरुषों की 74 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीतकर कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए पहला मेडल हासिल किया था।
- 1934 में डेब्यू के बाद से भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में कुल 564 मेडल जीते हैं। इनमें 203 गोल्ड, 189 सिल्वर और 172 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।

### हॉकी, क्रिकेट, शूटिंग, बैडमिंटन और कुश्ती जैसे बड़े खेल गायब

इस बार कुल 10 खेलों में 215 मेडल इवेंट्स होंगे। इनमें 47 पैरा-स्पोर्ट्स मेडल इवेंट्स शामिल हैं। क्रिकेट, हॉकी, बैडमिंटन, शूटिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस और स्क्वैश जैसे खेल ग्लासगो 2026 का हिस्सा नहीं हैं। भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में सबसे ज्यादा मेडल शूटिंग में ही जीते हैं।

**कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में नया क्या होगा?**

**कॉमनवेल्थ माइल की वापसी:** एथलेटिक्स में कॉमनवेल्थ माइल की वापसी होगी। यह इवेंट आखिरी बार 1966 में हुआ था। यानी करीब 60 साल बाद इसकी वापसी हो रही है। 2026 ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में 1500 मीटर की जगह 1 मील यानी 1.609 किलोमीटर की रेस कराई जाएगी। इस बार मेंस के साथ विमेंस की माइल रेस भी होगी। सबसे बड़ा पैरा-स्पोर्ट प्रोग्राम: 2026 में छह खेलों में पैरा-स्पोर्ट्स को पूरी तरह शामिल किया गया है। यह कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास का सबसे बड़ा पैरा-स्पोर्ट प्रोग्राम है।

**ओपनिंग सेरेमनी में चानू-लवलीना फ्लैग बियरर होंगी-** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की ओपनिंग सेरेमनी 23 जुलाई 2026 को होगी। समारोह ग्लासगो के ओवीओ हाइड्रो एरीना में भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से 2:30 बजे तक होगी। भारत की ओर से मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन फ्लैग बियरर होंगी। इसमें मशहूर ब्रिटिश सिंगर टॉम वॉकर परफॉर्म करेंगे।

## पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान पर 17.52 लाख ठगी का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भिलाई

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर राजेश चौहान पर 17.52 लाख रुपए की कथित धोखाधड़ी का आरोप लगा है। जिंदल इस्पात लिमिटेड में ट्रांसपोर्ट का काम दिलाने का झांसा देकर ठेकेदार से फ्रॉड किया गया। अब कोर्ट ने उन पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। पीड़ित दिनकर विश्वमित्र का कहना है कि, राजेश चौहान ने खुद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बताते हुए उद्योगपति नवीन जिंदल से करीबी संबंध होने का दावा किया था। भरोसा दिलाने के लिए जिंदल इस्पात का कथित वर्क ऑर्डर भी दिखाया और ट्रांसपोर्ट के काम में पार्टनर बनाने की बात कही। बाद में पता चला कि पूरा दस्तावेज फर्जी था। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अब न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) कोर्ट ने मोहन नगर पुलिस को केस दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया है।

#### श्रेयस की कप्तानी में पहली जीत का इंतजार

## भारत-जिम्बाब्वे पहला टी-20 आज




ब्रह्मास्त्र ▸▸ हरारे

भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज खेला जाएगा। मुकाबला हरारे स्पोर्ट्स क्लब में शामल 4:30 बजे से शुरू होगा। भारत श्रेयस अय्यर की कप्तानी में एक भी मुकाबला नहीं जीता है। टीम ने इंग्लैंड और आयरलैंड में 7 में से 6 टी-20 मैच हारे, एक मैच बेनतीजा रहा।

15 साल के वैभव सूर्यवंशी इंग्लैंड दौरे पर फ्लॉप रहे। वे 3 मैचों में सिर्फ 42 रन बना सके। हालांकि हरारे के मैदान पर उनका रिकॉर्ड अच्छा रहा है। सूर्यवंशी ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में यहां 80 गेंद पर 175 रन की पारी खेली थी। भारत और जिम्बाब्वे के बीच 14 टी-20 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें भारत को 11 मैचों में जीत मिली है। वहीं जिम्बाब्वे भी भारत को 3 बार हरा चुका है। आखिरी बार जुलाई 2024 में जिम्बाब्वे ने हरारे में भारत को 3 रन से शिकस्त दी थी। दोनों के बीच आखिरी मुकाबला इसी साल टी-20 वर्ल्ड कप में खेला गया था। तब भारत ने चेन्नई में खेले गए मुकाबले में 72 रन से जीत दर्ज की थी। भारत के लिए ईशान किशन ने इस साल सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 20 मैचों में 182.73 की स्ट्राइक रेट से 667 रन बनाए हैं।

## खबर एक नजर...

### गिरफ्त में नहीं आ सके ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले

**उज्जैन।** रविवार रात चैकिंग के दौरान चिमनगंज थाना पुलिस ने कानीपुरा मार्ग से पंजाब पासिंग कार में सवार अयाज पिता एजाज अंसारी 24 साल निवासी विराटनगर को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 61 ग्राम एमडी ड्रग्स मिलने पर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ के दौरान उसने तराना वेयर हाऊस के पास 2 युवकों से ड्रग्स लाना कबूल किया था। एसआई सुरेन्द्र मंडलोई ने बताया कि ड्रग्स उपलब्ध कराने वालों की तलाश में एक टीम तराना पहुंची थी, लेकिन दोनों का सुराग नहीं मिल पाया। बुधवार को अयाज का रिमांड खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### एडीजी ने एएसआई के कंधो पर लगा पदन्नोति का सितारा



**उज्जैन।** पुलिस विभाग में पदन्नोति का क्रम जारी है। बुधवार को महाकाल थाना एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान को एसआई के पद पर पदोन्नत किया गया। उन्हे एडीजी राकेश गुप्ता द्वारा कंधे पर दूसरा सितारा लगाया। सबसे खास बात यह रही कि एसआई बने चंद्रभानसिंह को पुलिस विभाग में तीसरी बार पदोन्नति मिली। तीनों बार एडीजी राकेश गुप्ता ने उनके कंधों पर पदोन्नति की फीती से लेकर स्टार लगाया। चंद्रभानसिंह जब प्रधान आरक्षक बने थे उस दौरान राकेश गुप्ता शहर में पुलिस अधीक्षक थे। दूसरी बार एएसआई बनने पर राकेश गुप्ता डीआईजी के रूप में उज्जैन की कामन संभाल रहे थे, अब तीसरी बार चंद्रभानसिंह को एसआई के पद पर पदोन्नत किया गया तो राकेश गुप्ता उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) के रूप में अपनी सेवा बाबा महाकाल की नगरी में दे रहे है। एसआई बने चौहान पुलिस विभाग में अपनी कार्यशैली और ईमानदारी को लेकर विभागीय स्तर से लेकर राष्ट्रपति सराहनीय सेवा पदक, केन्द्रीय गृह मंत्री अति उत्कृष्ट पदक से पुरूस्कृत हो चुके है। पिछले तीन सालों से वह धार्मिक नगरी में देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को परिवार से बिछ़डने पर मिलवाने का काम कर रहे है। अब तक वह 400 से अधिक लोगों को परिवार से मिलवाने में अपनी भूमिका निभा चुके है।

### रेलवे स्टेशन माल गोदाम के पास मिली अर्द्धनग्न लाश

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन माल गोदाम के पास बुधवार शाम रिमझिम बारिश के बीच एक व्यक्ति की अर्द्धनग्न लाश मिलना सामने आया है। शव पड़ा होने की खबर मिलने पर देवासगेट और जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। मामला जीआरपी सीमा का होने पर जीआरपी द्वारा शव को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि मृतक हुलिये से भिक्षुक दिखाई दे रहा है। वह कुछ दिनों से क्षेत्र में घूम रहा था। उसकी हरकते विक्षिप्त जैसी थी। जीआरपी के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। उसकी पहचान के प्रयास किये जा रहे है। शिनाख्त नहीं होने पर 24 घंटे बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर दफनाने की प्रक्रिया की जायेगी।

### छात्राओं ने सीखा आपदा में जीवन रक्षक बनना

**उज्जैन।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 11 वीं बटालियन की उपटीम द्वारा बुधवार को शासकीय आलिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराजे में एक दिवसीय स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। टीम निरीक्षक/जीडी श्रीनिवास मीना के निर्देशन में 11 बचावकर्मियों ने विद्यालय की छात्राओं को आपदाओं के प्रति जागरूक करते हुये आपातकालीन स्थिति में जीवन रक्षक कौशल के गुरू सिखाये। छात्राओं ने कार्यक्रम के दौरान सीपीआर देने की तकनीक सीखी। टीम द्वारा भूंकप ड्रील, सांप के काटने पर प्राथमिक उपचार का तरीका भी छात्राओं को बताया। यही नहीं आपदा के समय लोगों की मदद कैसे करें इसका प्रशिक्षण भी दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की 355 छात्राओं के साथ विद्यालय स्टॉफ के 15 सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य सनत कुमार व्यास की उपस्थिति में आयोजित किया गया था।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, 2 महिला घायल

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम रूपाखेड़ी स्थित नांदेड मोड पर तेजगति से दौड़ती कार क्रमांक एमपी 13 सीबी 4411 ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। बाइक अम्बाराम पिता नाथु वर्मा निवासी पिपल्या बाजार माकडोन चला रहा था। बाइक पर उसकी रिश्तेदार राजूबाई और सीताबाई बैठी थी। पीछे से हुई टक्कर में दोनों महिला घायल हो गई। अम्बाराम मामूली रूप से घायल हुआ है। माकडोन पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। घायल महिलाओं को उपचार के लिये उज्जैन भेजा गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 700-7 | 260-8 |
| मेन बाजार | 368-7 | 100-1 |
| मिलन डे | 113-5 | 349-6 |
| मिलन नाइट | 270-9 | 299-0 |

4 5 8

---

#### हिरासत में गिरोह के 10 सदस्य, 5 लाख और कार बरामद, युवती की तलाश

# दबंग हिंदू सेना की आड़ में रचा था हनीट्रेप का जाल

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

इंस्टाग्राम पर दोस्ती, काम की तलाश और अपहरण के बाद 50 लाख की फिरौती मांगने के मामले का 2 दिन में पुलिस ने खुलासा कर दिया। गिरोह के 10 सदस्यों को हिरासत में लिया गया है। पूरी साजिश दबंग हिंदू सेना की आड़ में रची गई थी। गिरोह से 5 लाख रुपए नगद और कार बरामद की गई है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि ग्राम नरवर के रहने वाले हैदर पिता कमाल पटेल की शिकायत पर 20 जुलाई को इंस्टाग्राम पर युवती से दोस्ती होने और नौकरी के बहाने संपर्क कर हनीट्रेप के जाल में फंसाकर 50 लाख की फिरौती मांगने का प्रकरण धारा 140(3), 308(6), 61(2), 115(2), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता में दर्ज कर जांच में लिया गया था। 2 दिनों की तलाश के बाद संगठित रूप से अपहरण, ब्लैकमेलिंग, फिरौती मांगने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी लोकेश पिता राजेश शर्मा 30 साल निवासी मक्सी रोड पंवासा के साथ राजपाल पिता जालमसिंह राठौड़ 22 साल ग्राम जहांगीरपुर इंगोरिया, पंकज पिता गजानंद बमोरिया 35 साल निवासी अवंतिपुरा, यशवंत



पिता जगदीश देवड़ा 23 साल, आर्यन पिता मुकेश राठौर 20 साल निवासी तिरुपति धाम, लखन पिता नारायणसिंह पंवार 22 साल निवासी ग्राम पिपलिया डाबी उन्हेल, इदरीश पिता दिलीप पटेल, निवासी नरवर, इमरान उर्फ राजा पिता खाजू पटेल, जयसिंह पिता अजबसिंह चौहान निवासी बदरखां और आयुष पिता दिनेश जाटवा निवासी भैरूनाला उज्जैन को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्त में आये संगठित गिरोह से फिरौती के रूप में वसूले गये 10 लाख रुपए में से 5 लाख रुपए नगद बरामद कर लिये गये है। वहीं फरियादी की कार भी जप्त की गई है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में अंजली ठाकुर निवासी भोपाल और एक अन्य साथी दीपक राजपूत, निवासी पंवासा फरार है। अंजली की तलाश में एक टीम रवाना की गई है। फिलहाल गिरोह से पूछताछ जारी है, गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा। संभावना है कि गिरोह की साजिश का शिकार कुछ ओर लोग सामने आ सकते है। गिरोह का सरगना लोकेश शर्मा दबंग हिन्दू सेना नाम से संगठन चलता है। जिसके माध्यम से उसने गिरोह तैयार किया था।

### साजिश में शामिल रिश्तेदार बताई आईडी

हिरासत में आये आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि पूरी साजिश को नियोजित षडयंत्र के रूप में अंजाम दिया गया था। गिरोह में फरियादी हैदर का रिश्तेदार इदरिश पटेल और उसका दोस्त इमरान शामिल था। दोनों ने लोकेश शर्मा और राजपाल को उसकी इंस्टग्राम आईडी की जानकारी, परिवार की आर्थिक स्थिति और मकान बेचने पर मिले रूपयों की जानकारी दी थी। जानकारी मिलने पर लोकेश में युवती के माध्यम से इंस्टाग्राम पर हैदर से दोस्ती कराई और सप्ताहभर में पूरी साजिश को अंजाम दिया गया।

### हिन्दू युवती के साथ होने का दिखाया डर

देश में लव जिहाद के मामले लगातार सामने आ रहे है। इसी का फायदा उठाकर गिरोह ने हैदर को जाल में फंसाया था। इंस्टा पर दोस्ती के बाद 18 जुलाई को युवती अंजली उज्जैन से आई थी उसने खुद को सिहोर का रहने वाला बताया था और काम की तलाश की बात कही थी। हैदर उसे काम दिलाने दोस्त की होटल पर ले गया था। जहां से लौटते समय गिरोह ने हिन्दू युवती के साथ होने का डर दिखाकर उसका अपहरण कर लिया था, उसके अश्लील फोटो बनाये थे और 50 लाख की फिरौती मांग 26 लाख में सौदा तय कर 10 लाख लिये थे। 16 लाख वसूलने के लिये हैदर की कार, चैन और घड़ी अपने पास रख ली थी।

### आज आरोपियों को रिमांड पर लेगी पुलिस

थाना प्रभारी यादव ने बताया कि गुरूवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा। गिरोह से फिरौती की शेष राशि बरामद करने के साथ एक दिन तक बंधक बनाकर रखने के स्थान का पता लगाया जायेगा। इस बात की जानकारी भी जुटाई जायेगी कि पूर्व में किसी के साथ साजिश रचकर ब्लैकमेल तो नहीं किया है। गिरोह का अपराधिक रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है।

---

#### दिन-रात में 3.9 डिग्री का अंतर, रिमझिम बारिश से फैला कीचड़

# दक्षिणी-पश्चिमी हवा से बदला मौसम का मिजाज





**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में कम दबाव का क्षेत्र बनने और हवा का रूख दक्षिणी-पश्चिमी होने पर मानसून लौट आया है। 2 दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है, रिमझिम बारिश का दौर जारी है। बुधवार को तापमान में 3.9 डिग्री का अंतर रह गया था। मौसम वैज्ञानिकों ने बारिश का अलर्ट जारी किया है।

जून माह में हुई बारिश के बाद मानसून ने मुंह मोड़ लिया था। जिसके चलते तापमान में तेजी आने लगी थी और मार्च-अप्रैल की गर्मी महसूस हो रही थी। लेकिन पिछले 2 दिनों से मौसम का मिजाज फिर से बदल गया है। रिमझिम और रूक-रूककर बारिश का दौर जारी है। जिससे मौसम में ठंडक आई और तापमान गिर रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले मंगलवार-बुधवार रात न्यूनतम 23.8 डिग्री रहा था। जिसके चलते तापमान में 3.9 डिग्री का अंतर रह गया था। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी की वजह से सुबह की आर्द्रता का 88 और शाम की 92 प्रतिशत हो गई है। स्थानीय वेधशाला अधीक्षक आरपी गुप्ता के अनुसार 3 से 4 दिन मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहने का अनुमान है। इस बीच तेज बारिश हो सकती है। बुधवार को दिनभर आसमान में बादल छाये रहे और सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुये। रिमझिम बारिश से ठंडक महसूस हो रही थी लेकिन बारिश थमने पर हल्की उमस बनी हुई थी। शहर में बारिश का औसतन आंकड़ा 36 इंच का है, वर्षाकाल की शुरूआत होने के बाद से अब तक 22 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे प्रदेश में मानसून प्राणाली का प्रभाव बना हुआ है। अगले 24 से 48 घंटे में अति भारी वर्षा की संभावना है। जिसके चलते तापमान में ओर गिरावट आ सकती है।

### गलियों से सड़कों तक चलना मुश्किल

शहर में 2 दिनों से हो रही रिमझिम बारिश से लोगों के लिये मुश्किल खड़ी हो गई है। सिंहस्थ विकास कार्यो के साथ सीवरेज लाइन की खुदाई का काम गलियों से लेकर सड़कों तक चल रहा है। सीवरेज लाइन के काम ने लोगों के लिये सबसे बड़ी परेशानी खड़ी कर दी है। रिमझिम बारिश अधिकांश गलियों और सड़कों पर कीचड़ फैल चुका है, सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वालों बच्चों का हो रही है। उनके घरों के आसपास तो खुदा है, वहीं स्कूल मार्गो पर भी खुदाई से आना-जाना मुश्किल हो रहा है। कई रास्ते भी बंद पड़े है। स्कूली बच्चों को जाम में फंसकर गुजरना पड़ रहा है।

---

#### गरोठ हाईवे के समीप मकानों पर खतरा

# बारिश में मिट्टी धंसने से बड़े हादसे की आशंका

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत शहर में सड़क, पुल और हाईवे सहित कई बड़े निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगर रोड पर खिलचीपुर नाके के आगे गरोठ हाईवे और फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। हालांकि निर्माण कार्य के दौरान की गई गहरी कटिंग के कारण आसपास के कई मकान अब ऊंचे मिट्टी के टीले के किनारे आ गए हैं, जिससे बरसात के मौसम में उनके लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार हाईवे निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण और मिट्टी की कटाई के बाद कई मकानों का निचला हिस्सा खुला दिखाई देने लगा है। कुछ स्थानों पर मकानों की नींव और पिलर तक नजर आ रहे हैं। लगातार हो रही बारिश के बीच मिट्टी के कटाव और धंसने की आशंका बढ़ गई है, जिससे इन मकानों के कभी भी क्षतिग्रस्त या धराशायी होने का डर बना हुआ है।

### बारिश में मिट्टी धंसने पर हो सकते हैं मकान धराशाई

गरोठ हाईवे के पुल और सर्विस रोड के समीप स्थित मकान ऊंचे ढलान पर बने हुए हैं। यदि लगातार बारिश के कारण मिट्टी का कटाव या धंसाव होता है तो मकानों की स्थिरता प्रभावित हो सकती है। क्षेत्र के रहवासी लगातार भय के माहौल में जीवन यापन कर रहे हैं और उन्हें किसी बड़े हादसे की आशंका सता रही है।

### रहवासियों ने सुरक्षा की मांग की

क्षेत्रवासियों का कहना है कि निर्माण के दौरान ढलान को सुरक्षित बनाने के लिए पर्याप्त रिटेनिंग वॉल या अन्य सुरक्षा उपाय नहीं किए गए। उनका कहना है कि प्रशासन और संबंधित विभाग को मौके का निरीक्षण कर तत्काल तकनीकी जांच करानी चाहिए तथा आवश्यक सुरक्षा कार्य कराए जाएं, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। बारिश का दौर जारी है और ऐसे में नाजूक मकानों की स्थिति की जांच, ढलान की मजबूती तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय समय रहते किए जाना जरूरी है।

---

# देवासरोड पर सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

देवासरोड पर बुधवार दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। दस्तावेजों से पहचान होने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने हादसे में शामिल बाइक चालक की तलाश शुरू की है। नागझिरी थाना एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि देवासरोड अभिलाषा कालोनी के आगे स्कोडा शोरूम के सामने सुबह 11.30 बजे के लगभग सड़क हादसे में बाइक पर सवार नारायणदास पिता ओमप्रकाश टेकवानी 64 साल निवासी प्रेम एवेन्यू आगररोड गंभीर घायल हो गये थे। उन्हे उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। उनके पास मिले दस्तावेजों से पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी गई थी। परिजनों ने बताया कि नारायणदास बिल्डिंग मेटेरियल सप्लाय का काम करते थे और देवासरोड स्थित साइड पर जा रहे थे। एएसआई के अनुसार मामले में परिजनों की शिकायत पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। दुर्घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर दुर्घटना का मामला सामने आया। नारायणदास क्रासिंग पर सड़क पार करने के लिये काफी देर तक ठहरे थे, मार्ग साफ होने पर उन्होने अपनी बाइक आगे बढ़ाई थी, उसी दौरान तेजगति से आये बाइक चालक ने उन्हे टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला बाइक चालक भाग निकला था। उसकी तलाश कैमरों के माध्यम से की जा रही है।

---

#### प्रोटेक्शन रिमांड पर जेल से लायेगी पुलिस

# बदमाश ने चिंतामण में झपटा था चांदी का कंदौरा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

नीलगंगा क्षेत्र में चाकू की नोंक पर लूट करने के साथ अलखधाम नगर में मोबाइल और शास्त्रीनगर में चेन स्नेचिंग की वारदात में शामिल भोपाल के बदमाश ने चिंतामण थाना क्षेत्र में महिला से कंदौर लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। चिंतामण थाना पुलिस ने बदमाश का प्रोटेक्शर रिमांड प्राप्त करने का पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

सुभाषनगर में 14 जुलाई की रात घर के बाहर टहल रहे ओम रेसीडेंसी में रहने वाले किशनानी परिवार के 2 भाईयों और उनकी मां के साथ चाकू की नोंक पर स्कूटी सवार 3 बदमाशों ने चेन, घड़ी लूटने की वारदात की थी। तीनों बदमाशों ने उससे पहले शास्त्रीनगर में चेन और अलखधाम नगर में मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने 24 घंटे में भोपाल के बैरागढ़ में रहने वाले बदमाश कुणाल कटारिया और उसके 2 नाबालिग साथियों को गिरफ्तार कर लिया था। लूट में प्रयुक्त स्कूटी नानाखेड़ा से चोरी की गई थी। भोपाल के बदमाश ने रिमांड पर चार से पांच वारदात कबूली थी। जिसमें 2 माह पहले चिंतामण थाना क्षेत्र में महिला को धमकाकर चांदी का कंदौरा झपटने की वारदात शामिल थी। नीलगंगा पुलिस ने 3 से 4 थानों की वारदातों का खुलासा होने के बाद बदमाश को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि उनके थाना क्षेत्र में हुई वारदात का भोपाल के बदमाश से खुलासा होने पर उससे पूछताछ के लिये न्यायालय से प्रोटेक्श रिमांड मांगा गया है। रिमांड मिलते ही उसे जेल से थाने लाया जायेगा। विदित हो कि भोपाल का बदमाश उज्जैन में अपने रिश्तेदार के यहां रहकर शहर में वारदात को अंजाम दे रहा था।

---

#### प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में 18 सौ शामिल

# 5 हजार स्वयंसेवकों को बनाया जायेगा सिंहस्थ सारथी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 में सुरक्षा और व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये सिंहस्थ सारथी कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस सामुदायिक भवन में की गई। सारथी योजना में 5 हजार स्वयंसेवक को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रथम चरण में 18 सौ स्वयंसेवक शामिल हुये।




पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि आगामी सिंहस्थ 2028 के सफल, सुरक्षित आयोजन के लिये सिंहस्थ सारथी प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस सामुदायिक भवन में की गई है। जिसमें पुलिस और प्रशासन के सहयोगी के रूप में 5 हजार वॉलिंटिसर्य को तैयार किया जायेगा। प्रथम चरण में 1800 स्वयंसेवकों और एनआरएस सदस्यों को आवश्यक व्यवहारिक, तकनीकी एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शेष वॉलिंटियर्स को चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि सिंहस्थ महापर्व के दौरान वह श्रद्धालुओं की सहायता, मार्गदर्शन, भीड़ प्रबंधन एवं पुलिस-प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में मेघा जेठवानी द्वारा सॉफ्ट स्किल्स, प्रभावी संवाद, जनसंपर्क, श्रद्धालुओं से सकारात्मक व्यवहार और सेवा भाव विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके उपरांत देविका खरे द्वारा स्वयंसेवकों की भूमिका, दायित्व, सिंहस्थ के दौरान कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। स्वयंसेवकों को होमगार्ड और चिकित्सक दल द्वारा सीपीआर, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता संबंधी व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। दोपहर बाद सत्र में थाना यातायात निरीक्षक निवेश मालवीय द्वारा स्वयंसेवकों को भीड़ प्रबंधन, समन्वय, अनुशासन, संचार कौशल एवं आपदा की स्थिति में प्रभावी सहयोग संबंधी जानकारी दी गई। समापन पर प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर पूर्व श्री आलोक शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक श्री भरत सिंह यादव, प्रशिक्षण समन्वयक सूबेदार स्वाति कामले सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रशिक्षकगण उपस्थित रहे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com